दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 226 | जयपुर, बुधवार, 26 जुलाई, 2023 | श्रावण, शुक्ल पक्ष- अष्टमी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak



**प्रधानमंत्री का प्रदेश दौरा:** जाट बहुल शेखावाटी से किसानों के लिए नई योजनाओं को करेंगे लॉन्च

## PM मोदी कल आएंगे सीकर, प्रदेश को देंगे कई सौगातें

बेधड़क | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को एक दिवसीय दौर पर राजस्थान आएंगे। इस दौरान एक लाख पीएम किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) राष्ट्र को समर्पित करेंगे और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के तहत लगभग 17,000 करोड़ रुपए की 14वीं किस्त भी जारी करेंगे।

पीएमओ के मुताबिक, मोदी प्रदेश में पांच नए चिकित्सा महाविद्यालयों और छह एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री गुरुवार को सुबह लगभग 11:15 बजे सीकर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके बाद वे गुजरात के राजकोट जाएंगे, जहां दोपहर करीब सवा तीन बजे प्रधानमंत्री राजकोट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का अवलोकन करेंगे।

सीकर में प्रधानमंत्री किसानों को लाभान्वित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के तहत एक लाख पीएम किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) राष्ट्र को समर्पित करेंगे। सभी किसानों की जरूरतों के लिए एक ही स्थान पर समाधान प्रदान करने के लिए पीएमकेएसके विकसित किए जा रहे हैं। इन केंद्रों पर उर्वरक, बीज, उपकरण और मिट्टी से लेकर परीक्षण सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

इसके साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री यूरिया गोल्ड योजना की भी शुरुआत करेंगे। यूरिया गोल्ड यूरिया की एक नई किस्म है जो सल्फर लेपित है और इसकी शुरुआत से मिट्टी में सल्फर की कमी दूर होगी।

### किसानों के लिए ओपन नेटवर्क की शुरुआत

सीकर में कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क (ओएनडीसी) पर 1,500 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के ऑनबोर्डिंग की शुरुआत करेंगे। ओएनडीसी, एफपीओ को डिजिटल मार्केटिंग, ऑनलाइन भुगतान, बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) और बिजनेस-टू-कंज्यूमर लेनदेन तक सीधी पहुंच के साथ सशक्त बनाता है। प्रधानमंत्री पीएम-किसान के तहत लगभग 17,000 करोड़ रुपए की 14वीं किस्त की राशि 8.5 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से जारी करेंगे।

### 5 मेडिकल कॉलेजों का करेंगे उद्घाटन

इसके अलावा प्रधानमंत्री चित्तौड़गढ़, धौलपुर, सिरोही, सीकर और श्रीगंगानगर में पांच नए चिकित्सा महाविद्यालयों का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही बारां, बूंदी, करौली, झुंझुनूं, सवाई माधोपुर, जैसलमेर और टोंक में सात चिकित्सा महाविद्यालयों की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री जिन चिकित्सा महाविद्यालयों का उद्घाटन करेंगे उन पर कुल 1400 करोड़ रुपए की लागत आई है, जबकि वह जिन सात चिकित्सा महाविद्यालयों की आधारशिला रखेंगे,वे 2,275 करोड़ की लागत से तैयार किए जाएंगे।

**जोधपुर में केंद्रीय विद्यालय:** इसके अलावा प्रधानमंत्री उदयपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ और डूंगरपुर जिलों में स्थित छह एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का उद्घाटन करेंगे। इससे इन जिलों में रहने वाली जनजातीय आबादी लाभान्वित होगी। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री जोधपुर में एक केंद्रीय विद्यालय का भी उद्घाटन करेंगे।

---

## जरूरी खबर

### प्रदेश में होगा तेली घाणी विकास बोर्ड का गठन



**जयपुर।** राज्य सरकार द्वारा तेली समुदाय के सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक उन्नति के लिए 'राजस्थान राज्य तेली घाणी विकास बोर्ड' का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मंजूरी के बाद सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने इसके गठन का आदेश जारी कर दिया है। यह बोर्ड तेली समुदाय के लोगों के उत्थान के लिए नवीन योजनाएं बनाकर तथा समस्याओं की पहचान कर राज्य सरकार को सुझाव प्रस्तुत करेगा। बोर्ड में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा 3 सदस्यों सहित कुल 5 गैर सरकारी सदस्य होंगे।

### पानदान में छिपाकर लाया 70 लाख का सोना पकड़ा

**जयपुर।** जयपुर एयरपोर्ट पर राजस्व खुफिया निदेशालय ने सोमवार को दुबई से आ रहे एक यात्री के पानदान में से 1 किलो 166 ग्राम सोना पकड़ा है। पकड़े गए सोने की कीमत करीब 70 लाख रुपए बताई जा रही है। इस मामले में टीम ने नागौर निवासी एक युवक को हिरासत में लिया है। टीम के अधिकारियों ने उसे सोमवार शाम कोर्ट के सामने पेश किया था, जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। आरोपी युवक नौकरी करने के लिए तीन महीने पहले दुबई गया था। वह पहली बार दुबई से यहां आ रहा था। एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारियों ने उसके सामान की जांच की तो उसके एक पानदान में मिला। उसमें सोना छिपा रखा था।

---

**ऑपरेशन वज्र प्रहार:** नई लिस्ट में 11 हजार 303 हिस्ट्रीशीटर

## जनता के चुने 54 VIP पुलिस के हिस्ट्रीशीटर

### पुलिस की साइट दिखा रही बर्खास्त मंत्री गुढ़ा, केंद्रीय मंत्री चौधरी व प्रदेश में कैबिनेट मंत्री मेघवाल आदतन अपराधी

पंकज सोनी | बेधड़क

**जयपुर।** प्रदेश में हाल ही में पुलिस की तरफ से आदतन अपराधियों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन वज्र प्रहार के बाद प्रदेश में हिस्ट्रीशीटर्स की नई लिस्ट में 11 हजार 303 बदमाशों को शामिल किया गया है। इस सूची में कुख्यात अपराधियों की श्रेणी में कई वीआईपी जनप्रतिनिधि भी शामिल हैं। इसमें केंद्र सरकार में कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी का नाम बाड़मेर के बालोतरा थाने से और गहलोत सरकार के मंत्री गोविंदराम मेघवाल का नाम बीकानेर के जेएनवीसी थाने में आदतन अपराधियों की सूची में शामिल किया गया है, वहीं हाल ही में मंत्री परिषद से बर्खास्त किए गए राजेंद्र गुढ़ा भी गुढ़ागौड़जी थाने में और बीटीपी के विधायक रामप्रसाद डूंगरपुर के चितरी थाने में आदतन अपराधियों की सूची में शुमार हैं। सूची में पुलिस ने अपराधियों के नाम, पते और संपत्ति का विवरण भी तैयार किया है, जिसे थानों में तैयार किए गए रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। साथ ही इस सूची को ऑनलाइन भी पुलिस विभाग की वेबसाइट में आम जनता को सावधान करने के लिए डाला गया है। पुलिस की वेबसाइट में इन वीआईपी हिस्ट्रीशीटर्स की फोटो भी लगाई गई है।

पुलिस की इस सूची में सांसद, विधायकों के साथ कुल मिलाकर 54 ऐसे जनप्रतिनिधियों के नाम है, जो पदों पर है। इनमें जिला परिषद एक, नगर परिषद का 9, 15 पंचायत समिति सदस्य, सात सरपंच, तीन उप सरपंच, उप प्रधान एक शामिल हैं। नगर पालिका सादड़ी के नेता प्रतिपक्ष राकेश भी पुलिस रिकॉर्ड में हिस्ट्रीशीटर है।



History Sheeter Report of CHITARI Thana



### सबसे ज्यादा उदयपुर में हिस्ट्रीशीटर

पुलिस विभाग के पोर्टल पर जारी आंकड़े बता रहे हैं कि प्रदेश में सबसे ज्यादा 1863 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट उदयपुर रेंज में खुली हुई है। जोधपुर रेंज में 1696 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट के साथ दूसरे नंबर पर है। इसके अलावा जयपुर रेंज में 1349, कोटा रेंज में 1496, बीकानेर रेंज में 1110 और भरतपुर रेंज में 932, जयपुर कमिश्नरेट में 919, जोधपुर कमिश्नरेट में 919 आदतन अपराधी को पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर की सूची में शामिल किया है।

### हिस्ट्रीशीट यानी नाम-पता, परिवार समेत हर अपराध की जानकारी

छोटे-बड़े अपराध करते हुए जब कोई अपराधी बड़ी वारदात को अंजाम देता है तो पुलिस के लिए सिर दर्द बन जाता है। वह बार-बार अपराध करता रहता है। गंभीर अपराध होने पर पुलिस उसकी हिस्ट्री शीट खोल देती है। इसमें अपराधी का इतिहास होता है। उसका नाम, पता, उम्र सहित पूरे परिवार, उसके हाथों की गई वारदातों, फिंगर प्रिंट, पैरों के निशान समेत हर गतिविधि का विवरण दर्ज कर लिया जाता है। अब इन अपराधियों की चल-अचल संपत्तियों के अलावा कामकाज का विवरण भी दर्ज किया जा रहा है।

---

**बाघिन टी-84 चौथी बार बनी मां**

## रणथंभौर में बाघिन एरोहेड ने दिया तीन शावकों को जन्म

बेधड़क | जयपुर

रणथंभौर नेशनल पार्क में मंगलवार को मादा बाघिन टी-84 एरोहेड अपने 3 शावकों के साथ विचरण करते हुए नजर आई। इसको लेकर वन्य प्रेमियों में खुशी की लहर देखी गई। वहीं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इन शावकों का वीडियो शेयर करते हुए खुशी जताई है।

रणथंभौर बाघ परियोजना के उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक मोहित गुप्ता ने बताया कि बाघिन टी-84 ने नेशनल पार्क में तीन शावकों को जन्म दिया था। जन्म देने के बाद आज पहली बार रणथंभौर नेशनल पार्क के टाइगर रिजर्व में वन क्षेत्र में फील्ड स्टाफ द्वारा बाघिन टी-84 को शावकों के साथ विचरण करते हुए देखा गया। डीएफओ मोहित गुप्ता ने बताया कि मादा बाघिन टी-84 टी 19 की बेटी है, जिसकी उम्र लगभग 9 वर्ष के करीब है। बाघिन टी-84 ने चौथी बार शावकों को जन्म दिया है। शावकों के जन्म देने के बाद आज देखा गया। इनकी उम्र लगभग डेढ़ महीने करीब हो चुकी है।



### सीएम ने टीम को दी बधाई

शावकों के जन्म को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने खुशी जताते हुए कहा कि यह वन्यजीव संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को ट्वीट में कहा, 'वन के नए मेहमान का स्वागत करे राजस्थान। रणथंभौर के वन से बाघ के तीन नए शावकों के जन्म का सुखद समाचार प्राप्त हुआ। जंगल का ये खूबसूरत वीडियो हमारी बाघ एवं वन्य जीव संरक्षण की प्रतिबद्धता की पुष्टि कर रहा है। उन्होंने लिखा, 'राजस्थान बाघ अभ्यारण टीम को हार्दिक बधाई व शाबाशी।'

### हल्की बारिश... हल्की राहत



फोटो: राजेश कुमावत

*जयपुर। मौसम विभाग ने प्रदेश के तीन स्थानों चूरू, झुंझुनूं और हनुमानगढ़ में बुधवार को अतिभारी बरसात का अलर्ट जारी किया है। साथ ही जयपुर समेत 12 जगहों पर भारी बारिश का संभावना जताई है। जयपुर के कई इलाकों में मंगलवार को हल्की बरसात हुई। इसके बावजूद यहां का अधिकतम तापमान 33.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, वहीं बीसलपुर बांध में मंगलवार को भी पानी की आवक जारी रही। बांध में 24 घंटे में 3 सेमी. पानी आया। इसके बाद यहां का जलस्तर बढ़कर 313.57 हो गया।*

---

**बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने बातचीत में कहा...**

## 'सभी मंत्रियों का कराया जाए नार्को टेस्ट... सब सच आ जाएगा सामने'

- गुढ़ा ने लाल डायरी में किया बहुत सी बातों का दावा
- पायलट को 'निकम्मा', 'नकारा' 'गद्दार' कहने पर गहलोत पर साधा निशाना
- कहा-यहां कांग्रेस की नहीं, गहलोत की है सरकार

बेधड़क | जयपुर

विधानसभा में कथित 'लाल डायरी' लहराने के एक दिन बाद बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने मंगलवार को राज्य के सभी मंत्रियों का 'नार्को टेस्ट' कराने की मांग करते हुए कहा कि पता चल जाएगा झूठा कौन है। गुढ़ा ने गहलोत एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच कथित झगड़े में पायलट का पक्ष लिया। गुढ़ा ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट को 'निकम्मा', 'नकारा' और 'गद्दार' कहने के लिए गहलोत पर निशाना साधा। गुढ़ा ने कहा कि पायलट के पिता राजेश पायलट ने कांग्रेस के लिए बरसों काम किया। 20 साल से सचिन पायलट भी पार्टी के लिए काम कर रहे हैं। कांग्रेस विधायक ने 2018 में पार्टी के प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा कि जो (पायलट) पार्टी को 21 सीटों से 99 सीटों पर ले आया, वह 'निकम्मा' तो नहीं हो सकता। गुढ़ा ने एक तरह से गहलोत पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर कोई व्यक्ति 200 में से 21 अंक (सीटें) लेकर आए क्या उस व्यक्ति को कर्मठ बोलेंगे।



*गुढ़ा ने महिलाओं के गौरव और सम्मान के लिए अपने विधानसभा क्षेत्र उदयपुरवाटी में 'ऊंट रैली' निकाली।*

पूर्व मंत्री ने दावा किया कि वह इस डायरी को विधानसभा के पटल पर रखना चाहते थे। उन्होंने कहा कि नार्को टेस्ट एक वैज्ञानिक और विश्वसनीय टेस्ट है। दुनिया भर की एजेंसियां इसे सही मानती हैं। यहां तक कि न्यायपालिका भी इसे स्वीकार करती है। मैं कह रहा हूं कि मंत्रिपरिषद सदस्यों का नार्को टेस्ट करवा लिया जाए, मेरा भी करवा लिया जाए तो ये दुष्कर्म एवं भ्रष्टाचार की बाते हैं, कौन झूठ बोल रहा है, कौन सच बोल रहा है, सब कुछ सामने आ जाएगा।

### एक आदमी ही सिस्टम में

यह पूछे जाने पर कि क्या लाल डायरी में सिर्फ एक मंत्री या कई मंत्रियों का जिक्र है, गुढ़ा ने कहा कि यहां कांग्रेस की सरकार नहीं है, गहलोत की सरकार है। वह गृह मंत्री, वित्त मंत्री और मुख्यमंत्री हैं। साथ ही, पीसीसी प्रमुख और राज्य कांग्रेस प्रभारी उनकी जेब में हैं। सारा सिस्टम आल इन वन है। एक आदमी ही सिस्टम है, उसको उस डायरी से बहुत खतरा था।

### हमने साथ दिया तब जाकर सरकार बनी

पूर्व मंत्री ने कहा कि ये मेरे पर आरोप लगा रहे हैं कि मैं भाजपा से मिला हुआ हूं। 2018 में बहुमत नहीं था, गहलोत को छह विधायक मैंने दिए, तब वह सरकार बना पाए। अल्पमत में थे वे। उल्लेखनीय है कि गुढ़ा उन छह विधायकों में से एक हैं, जिन्होंने 2018 का विधानसभा चुनाव बसपा के टिकट पर जीता, लेकिन बाद में कांग्रेस में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि हमने राज्यसभा चुनावों में उनके लिए छह बार मतदान किया है, दो बार मुख्यमंत्री के लिए उनका समर्थन किया है, राष्ट्रपति चुनाव में मतदान किया है। हमने राजनीतिक संकट के दौरान कांग्रेस सरकार को बचाया है। हमने राज्य और उनके लिए बहुत काम किया है।

### मैंने केवल कहा था कि अपने गिरेबान में झांके

पूर्व मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री मेरे बेटे के जन्मदिन पर मेरे निर्वाचन क्षेत्र में आए थे। उन्होंने यहां तक कहा कि अगर गुढ़ा नहीं होते तो वह आज मुख्यमंत्री नहीं होते। मंत्री पद से बर्खास्त करने का जिक्र करते हुए गुढ़ा ने कहा कि मैंने केवल यह कहा था कि हमें महिला अपराधों के मुद्दों पर अपने गिरेबान में झांकने की जरूरत है। इसके लिए मुझे मंत्रि परिषद से बर्खास्त कर दिया गया।

## जरूरी खबर

### मणिपुर घटना के विरोध में 'आप' का प्रदर्शन



**जयपुर।** आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को मणिपुर में हुई घटना को लेकर प्रदेशभर में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल के नेतृत्व में जयपुर में आप कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट सर्किल पर इकट्ठा होकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रैली निकाली और अतिरिक्त जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रपति से मणिपुर के हालात पर संज्ञान लेकर राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की।

### जन सम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट के विजेता बने नरेंद्र

**जयपुर।** जनसम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का वीडियो शेयर कर सवाईमाधोपुर के 29 वर्षीय नरेंद्र सिंह मीणा ने प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपए जीते। दूसरे स्थान पर पोकरण, जैसलमेर के 28 वर्षीय श्रीकांत बोहरा रहे। उन्होंने 50 हजार रुपए की ईनाम राशि प्राप्त की। इसी प्रकार जयपुर की 49 वर्षीय गुलाब देवी ने 25 हजार की ईनाम राशि जीत कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। साथ ही 100 प्रदेश वासियों को 1000 रुपए का प्रेरणा पुरस्कार भी मिला।

### सांसद दीया कुमारी ने रेल मंत्री से की मुलाकात



**जयपुर।** राजसमंद सांसद दीया कुमारी ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर लोकसभा क्षेत्र में रास से बिलाड़ा एवं मेड़ता से पुष्कर रेलवे लाइनों की जल्द स्वीकृति के लिए आग्रह किया। केंद्रीय रेल मंत्री वैष्णव ने बताया कि सर्वे रिपोर्ट आ चुकी है एवं रेलवे बोर्ड उनका परीक्षण कर रहा है। शीघ्र ही इस बारे में आगे की कार्रवाई की जाएगी। सांसद दिया कुमारी ने लोकसभा क्षेत्र के डेगाना, रेन मेड़ता रोड, ब्यावर, सेंदड़ा, गोटन स्टेशनों पर कुछ प्रमुख गाड़ियों के ठहराव के साथ लोकसभा क्षेत्रों को खाटूश्यामजी से जोड़ने के लिए एक नई रेल सेवा चालू करने पर मंत्री अश्वनी वैष्णव से चर्चा की।

**कानून व्यवस्था पर रार:** कांग्रेस का प्रदेशभर में पैदल मार्च आज, भाजपा महिला मोर्चा करेगी थाली नाद

# कांग्रेस मणिपुर तो भाजपा कानून व्यवस्था पर करेगी प्रदर्शन

**बेधड़क** | जयपुर

मणिपुर में चल रहे जातीय संघर्ष, महिलाओं, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों के विरुद्ध बढ़ते अत्याचार के खिलाफ बुधवार को कांग्रेस प्रदेशभर में पैदल मार्च निकालेगी तो भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश की बिगड़ी कानून व्यवस्था को लेकर सड़कों पर उतरेगी।

वहीं 27 जुलाई को प्रदेश की सभी 200 विधानसभाओं में युवा मोर्चा मोटरसाइकिल रैली निकालेगा। युवा मोर्चा बेरोजगारी, पेपर लीक को लेकर गहलोत सरकार को घेरेगी।

कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ आज प्रदर्शन करेंगे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि दो माह से अधिक समय से मणिपुर में जातीय हिंसा जारी है। जिसमें सैंकड़ों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं तथा हजारों लोग बेघर होकर पलायन करने को मजबूर हैं।

मणिपुर में महिलाओं के साथ बदसलूकी एवं दुष्कर्म की घटना तथा आदिवासियों एवं अल्पसंख्यकों के विरुद्ध अत्याचार बढ़ रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री इस पूरे मामले पर चुप्पी साधे बैठे हैं। केंद्र की डबल इंजन सरकार



मणिपुर में स्थिति को सम्भालने में विफल रही है। इसी को लेकर प्रदेशभर में कांग्रेस कार्यकर्ता पैदल मार्च निकालेंगे। वहीं राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज करवाएंगे।

### महिलाओं के खिलाफ बढ़ रहे अपराध



'नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान के तहत प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था और महिलाओं के खिलाफ बढ़ रहे अपराध को लेकर भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रक्षा भंडारी के नेतृत्व में बुधवार को प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। डॉ. रक्षा भंडारी ने बताया कि प्रदेश में लगातार महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर गहलोत सरकार असंवेदनशील है। राजस्थान देश में महिला अपराधों के मामले में नंबर एक पर आ चुका है। प्रदेश में दुष्कर्म और महिला उत्पीड़न के बढ़ते मामलों को लेकर भाजपा महिला मोर्चा 26 जुलाई को प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस विधायकों के आवास का घेराव करेगी। इस दौरान थाली नाद के जरिए प्रदेश की गूंगी बहरी और अराजक गहलोत सरकार को जगाने का प्रयास किया जाएगा। बुधवार को जयपुर की छोटी चौपड़ पर महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष रक्षा भंडारी और प्रदेश पदाधिकारी सरकार विरोधी अभियान में शामिल होंगे।

### निकालेंगे मोटरसाइकिल रैली

महिला मोर्चा के प्रदर्शन के अगले दिन 27 जुलाई को मोटरसाइकिल रैली निकालेगा। इस रैली में विधानसभा के बीजेपी कार्यकर्ता शामिल होंगे। मोटरसाइकिल रैली को लेकर युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची ने कहा कि हम मोटरसाइकिल रैली के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को जागरूक करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि यह सरकार युवाओं के सपनों पर कुठाराघात कर रही है। प्रदेश में पेपरलीक हो रहे हैं। बेरोजगारी चरम पर है। ऐसे में प्रदेश का युवा आक्रोशित है। इसी को लेकर प्रदेश भाजपा नहीं सहेगा राजस्थान अभियान चला रही है। जिसमें प्रदेश के युवाओं, महिलाओं, किसानों सहित हर वर्ग के मुद्दे को पुरजोर तरीके से बीजेपी उठा रही है।



**'नहीं सहेगा राजस्थान':** कुशासन व भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान

# लाखों BJP कार्यकर्ता 1 अगस्त को करेंगे सचिवालय का घेराव

■ प्रदेश का आम नागरिक गहलोत सरकार के कुशासन से तंग: चतुर्वेदी

**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय जनता पार्टी 'नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान के तहत लगातार प्रदेश की गहलोत सरकार पर निशाना साध रही है। अब पार्टी की ओर से एक अगस्त को जयपुर में सचिवालय का घेराव करने की रणनीति बनाई गई है। इस घेराव में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटाने के दावे किए जा रहे हैं।

बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी और उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया ने मंगलवार को प्रदेश मुख्यालय में प्रेसवार्ता में बताया कि गहलोत सरकार के इन साढ़े चार सालों में केवल कुर्सी की लड़ाई चली है। प्रदेश का आमजन आज गहलोत सरकार के कुशासन से तंग है। इसी कुशासन को उखाड़ फेंकने के लिए 1 अगस्त को लाखों भाजपा कार्यकर्ता राजधानी में आ रहे हैं। प्रदेश भर से शहर की पांचों दिशाओं से लोग इस प्रदर्शन में शामिल होंगे। अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के साढ़े चार साल में कुशासन, बदहाल कानून व्यवस्था, पेपर लीक, युवाओं से वादाखिलाफी, किसानों से कर्जमाफी के नाम पर वादाखिलाफी, महिला उत्पीड़न और असुरक्षा, दलित और आदिवासी उत्पीड़न, तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार सहित इन नौ मुद्दों को लेकर प्रदेशभर में 'नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान चलाया जा रहा है। एक अगस्त को सचिवालय का घेराव किया जाएगा।



### लाल डायरी में सरकार के काले कारनामे

अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि सरकार के मंत्री रहे राजेन्द्र सिंह गुढ़ा विधानसभा में खड़े होकर खुद की सरकार के भ्रष्टाचार और महिला अत्याचार के खिलाफ बोलते हैं। गुढ़ा ने लाल डायरी में सरकार के काले चिट्ठे होने और भ्रष्टाचार के कारनामे छिपे होने का दावा किया है। इस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें मंत्रिमंडल से ही बर्खास्त कर दिया। विधायक भरत सिंह ने गहलोत सरकार को खान घोटाले पर लेटर हेड को उल्टा करके पत्र लिखा। लंपी वायरस के दौरान प्रदेश के सभी पीड़ित पशुपालकों को मुआवजा देने का वादा किया था, लेकिन महज 41 हजार लोगों को मुआवजा देकर इतिश्री कर ली। रीट पेपर लीक प्रकरण से पूर्व में राजीव गांधी स्टडी सर्किल के अध्यक्ष से पेपर छपवाने में घोटाला हो चुका है। उसके बाद माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डीपी जारोली ने कहा कि यदि मुझे छेड़ा गया तो बड़े लोगों के चेहरे बेनकाब कर दूंगा। इसके बाद सरकार डर गई और ईडी की जांच में जारोली पर कोई आंच नहीं आ पाई।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटे ब्लैक पेपर

एक अगस्त को सचिवालय चलो आंदोलन को लेकर मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोगों से मुलाकात की। विधायक कालीचरण सराफ ने बताया कि कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ 'नहीं सहेगा राजस्थान' कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने वार्ड 130 में घर-घर जाकर आम जनता को सरकार के खिलाफ ब्लैक पेपर बांटे और ज्यादा से ज्यादा लोग सचिवालय पहुंचने का आह्वान किया। विधानसभा संयोजक ब्रह्म कुमार सैनी ने बताया कि मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के सभी 26 वार्डों में घर-घर जाकर ब्लैक पेपर बांटे गए।



### अभियान से जुड़ रहा प्रत्येक नागरिक

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया ने कहा कि प्रदेश का प्रत्येक नागरिक 'नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान के साथ जुड़ रहा है। 16 जुलाई को इस अभियान की शुरूआत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जयपुर से की थी। अभियान के तहत घर-घर जाकर कार्यकर्ता गहलोत सरकार का फेल कार्ड बांट रहे हैं। इसके अलावा महिलाएं थाली नाद के माध्यम से गांव ढाणियों में पहुंकर जनसंपर्क कर रही हैं।

### जल जीवन मिशन

# 5 लाख 40 हजार जल कनेक्शन से राजस्थान पहुंचा चौथे स्थान पर




**बेधड़क** | जयपुर

जल जीवन मिशन के तहत राजस्थान तेजी से लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में अभी तक 5 लाख 40 हजार जल कनेक्शन जारी कर राजस्थान देश में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। साथ ही, अभी तक जेजेएम में 17 हजार 578 करोड़ रुपए खर्च कर प्रदेश का देश में दूसरा स्थान है।

इस वित्तीय वर्ष में अभी तक 2,902 करोड़ रुपए व्यय हुए हैं। अतिरिक्त मुख्य सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी डॉ. सुबोध अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को जल भवन में हुई जेजेएम की समीक्षा बैठक में ये आंकड़े सामने आए। बैठक में बताया गया कि मिशन के तहत अभी तक 44 लाख 49 हजार जल कनेक्शन हो चुके हैं। बैठक में डॉ. अग्रवाल ने जल कनेक्शन की गति बढ़ाने के निर्देश दिए और अधिशाषी अभियंता के स्तर पर निरंतर समीक्षा करने को कहा। उन्होंने पीएचईडी रीजन वाइज अधीक्षण अभियंताओं से प्रगति की जानकारी ली। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने विभिन्न रीजन की अलग से वीसी कर एफएचटीसी की प्रगति की समीक्षा करने एवं विशेषकर उदयपुर, बांसवाड़ा एवं डूंगरपुर जिलों में एफएचटीसी की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में जल गुणवत्ता परीक्षणों की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

**प्रधानमंत्री के सीकर दौरे की** तैयारियों का लिया जायजा

## देश के पुनर्निर्माण, स्वावलंबन की दिशा में काम करें युवा: चंद्रशेखर

**बेधड़क** | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 27 जुलाई को सीकर दौरे को लेकर भाजपा तैयारयों में जुटी है। मंगलवार को प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर इस सिलसिले में सीकर पहुंचे। चंद्रशेखर ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री के दौरे से संबंधित तैयारियों का फीडबैक लिया। संगठन महामंत्री ने इस दौरान जिला स्टेडियम के पांडाल में बैठक व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों का भी जायजा लिया। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी ने नौ वर्ष के कार्यकाल में भारत की विदेशों में अनूठी पहचान बनाई है।



आज विकसित राष्ट्रों के राष्ट्राध्यक्ष मोदी के स्वागत को तैयार खड़े हैं। आज भारत इक्कीसवीं सदी के स्वर्णिम काल को जी रहा है। जिसमें अमेरिका जैसे देश भारत को 21 तोपों की सलामी देते हैं। उन्होंने युवाओं को निजी हित से आगे बढ़कर देश के पुर्ननिर्माण, स्वावलंबन और आत्मनिर्भता की दिशा में मिशन के रूप में काम करने का आह्वान किया।

## आरएसजीएल में पर्यावरण संरक्षण नीति लागू

**जयपुर।** राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस ने अपने कार्यालय परिसरों, अधिकृत भौगालिक क्षेत्रों के सीएनजी स्टेशनों, शहरी गैस वितरण परियोजना क्षेत्र के साथ व्यवसाय कार्यान्वयन क्षेत्रों में स्वास्थ्य, सुरक्षा व पर्यावरण नीति का क्रियान्यन शुरू किया है। आरएसजीएल के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने बताया कि आरएसजीएल जयपुर, कोटा, नीमराणा, कूकस, ग्वालियर और श्योपुर में व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन कर रहा है। दो मदर स्टेशन सहित 11 सीएनजी स्टेशन संचालित किए जा रहे हैं।

**राज्यपाल मिश्र से मिला** भाजपा का प्रतिनिधिमंडल

## कोटा विकास प्राधिकरण विधेयक 2023 पर रोक लगाने की मांग

**बेधड़क** | जयपुर

कोटा विकास प्राधिकरण विधेयक 2023 पर रोक लगाने की मांग को लेकर बूंदी भाजपा के मीडिया प्रभारी एंव प्रवक्ता अनिल जैन और किसान नेता गिर्राज गौतम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को जयपुर में राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

भाजपा जिला प्रवक्ता अनिल जैन तालेड़ा ने कहा कि विधानसभा में 24 जुलाई को सरकार की ओर से एक विधेयक पास किया गया है। जिसमें बूंदी जिले के 63 गांव जिसमें तालेड़ा तहसील के 48 गांव



एवं केशोरायपाटन तहसील के 15 गांव को बिना जनमत जाने कोटा विकास प्राधिकरण में शामिल किया गया है। इस विधेयक का पूरे बूंदी जिले में विरोध है। भू-माफिया अपनी चांदी काटने के लिए केडीए को बूंदी की तरफ बढ़ा रहे हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि इस बिल को पुनर्विचार के लिए सरकार के पास भिजवाया जाएगा।

ज्ञापन सौंपने वालों में भाजपा नेता नए श्रृंगी, लोकेश गौतम, मनोज गुर्जर, शुभम पंचोली, एसनी यादव सहित अन्य लोग शामिल रहे।

**सलूंबर, सांभर और कपासन में खुलेंगे नए राजकीय कन्या महाविद्यालय**

# सवाईमाधोपुर में 173.45 करोड़ से बनेगी एलीवेटेड रोड

■ राजबाग से गोपालजी मंदिर तक होगा निर्माण

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेशवासियों को मंगलवार को कई सौगातें दी हैं। मुख्यमंत्री गहलोत ने सवाई माधोपुर जिले में लटिया नाले पर एलीवेटेड रोड के निर्माण के लिए 173.45 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति दी है।

गहलोत के इस निर्णय से 2.71 किलोमीटर में राजबाग से गोपालजी मंदिर तक 2 लेन एलीवेटेड रोड बनेगी। इससे लोगों को आवागमन में सुगमता होगी। वहीं मुख्यमंत्री ने उदयपुर जिले के सलूंबर, जयपुर



जिले के सांभर और चितौड़गढ़ जिले के कपासन में नए राजकीय कन्या महाविद्यालय खोलने की घोषणा की हैं। गहलोत ने इनके भवन निर्माण के लिए 13.50 करोड़ रुपए की वित्तीय मंजूरी दी है।

वहीं संचालन के लिए 63 नए पदों के सृजन के प्रस्ताव को स्वीकृति भी दी है। प्रत्येक महाविद्यालय में विभिन्न 21 नए पद सृजित किए जाएंगे। इन नवसृजित पदों में प्राचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष, शारीरिक शिक्षक, सहायक लेखाधिकारी-प्रथम, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, सूचना सहायक, वरिष्ठ सहायक, प्रयोगशाला सहायक, प्रयोगशाला वाहक, बुक लिफ्टर के एक-एक पद, सहायक आचार्य के 7 पद तथा कनिष्ठ सहायक व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के दो-दो पद शामिल हैं।

### राजकीय आवासीय विद्यालयों का होगा निर्माण

अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों को निःशुल्क आवासीय शिक्षा सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए राज्य में 15 स्थानों पर राजकीय अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय संचालित होंगे। मुख्यमंत्री गहलोत ने आवासीय विद्यालयों के भवन निर्माण के लिए 120 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है। यह विद्यालय अलवर के रामगढ़, भरतपुर के नगर, बाड़मेर के रमजान की गफन (चौहटन) और सेड़वा तथा अजमेर के सरवाड़ में बालिकाओं के लिए, जोधपुर, झुंझुनूं, कोटा, टोंक, बीकानेर, सीकर, भरतपुर के पहाड़ी और कामां, जोधपुर के जेतडासर (बाप), जैसलमेर के नाचना (पोकरण) में बालकों के लिए राजकीय अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय बनेंगे। प्रत्येक आवासीय विद्यालय के निर्माण पर 8 करोड़ रुपए की लागत आएगी। यह आवासीय विद्यालय 100 विद्यार्थी क्षमता के होंगे और क्षमता से अधिक विद्यार्थी होने पर उन्हें डे-स्कॉलर के रूप में प्रवेश दिया जाएगा।

### नर्सिंग कॉलेज में 60 पद सृजित

प्रदेश में मेडिकल शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा के लिए मुख्यमंत्री गहलोत ने राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (आरयूएचएस) के अंतर्गत संचालित नर्सिंग कॉलेज में 60 नए पद सृजित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस स्वीकृति से शैक्षणिक पदों में प्रिंसिपल कम प्रोफेसर, वाइस प्रिंसिपल कम प्रोफेसर का एक-एक पद, प्रोफेसर के 2, एसोसिएट प्रोफेसर के 5, असिस्टेंट प्रोफेसर के 9 और नर्सिंग ट्यूटर के 28 पद सृजित होंगे। वहीं, सहायक अनुभाग अधिकारी, हॉस्टल वार्डन, वरिष्ठ सहायक व कनिष्ठ सहायक के 2-2, निजी सहायक, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड-2 व लाइब्रेरियन के 1-1 तथा सहायक कर्मचारी के 3 पदों का सृजन किया जाएगा।

## सैकड़ों बेरोजगारों ने शहीद स्मारक पर किया प्रदर्शन



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के बैनर तले मंगलवार को 25 सूत्री मांगों को लेकर बेरोजगारों ने शहीद स्मारक पर धरना दिया। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेन यादव ने कहा कि राजस्थान में पेपर लीक माफिया के खिलाफ सरकार को सिर्फ कागजों में नहीं बल्कि धरातल पर कार्रवाई करनी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने बेरोजगारों की मांगों को जल्द से जल्द पूरा नहीं किया तो आने वाले चुनाव में हम सरकार को वोट के माध्यम से इसका जवाब देंगे। महासंघ ने पेपर लीक माफियाओं और दलालों से साठगांठ में आरोपित आरपीएससी के सभी सदस्यों की संलिप्तता की जांच करने, नई 1 लाख भर्तियों की विज्ञप्ति जारी करने सहित 25 सूत्री मांगों को पूरा करने की मांग की।

## जरूरी खबर

### RUHS कर्मियों ने किया कार्य का बहिष्कार



**जयपुर।** ओल्ड पेंशन स्कीम में विश्वविद्यालयों, निगम, बोर्ड, मेट्रो के कर्मचारियों के लिए नियोक्ता अंशदान राशि ब्याज सहित जमा कराने की शर्त हटाने और पेंशन का भार सरकार द्वारा वहन करने करने की मांग को लेकर मंगलवार को आरयूएचएस के कर्मचारी, अधिकारी, चिकित्सक, नर्सिंग कर्मी और अन्य स्टाफ ने पूर्ण कार्य बहिष्कार कर धररना दिया। संघ के अध्यक्ष चंद्र चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री गहलोत द्वारा बजट घोषणाओं में 2004 के बाद नियुक्त राज्य कर्मियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू करने की घोषणा की गई थी, लेकिन इसमें उपरोक्त शर्त रखी गई थी। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने यह वसूली नहीं रोकी तो आने वाले समय में आंदोलन उग्र किया जाएगा।

### शिक्षक 31 तक करे मूल पदस्थापन पर कार्यग्रहण

**जयपुर।** माध्यमिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षक जो राज्य, संभाग, जिला व ब्लॉक स्तर पर किसी अन्य विभागों में कार्य व्यवस्थार्थ लगाया हुआ है, उन्हें 31 जुलाई तक मूल पदस्थापन स्थान पर कार्यग्रहण करने का आदेश जारी किया है। गौरतलब है कि शिक्षकों द्वारा अपनी सेवाएं शिक्षा विभाग की जगह अन्य कार्यालय में दी जा रही है, जबकि इनका वेतन शिक्षा विभाग के विभिन्न स्कूल और कार्यालयों से आहरित किया जा रहा है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक कानाराम ने शिक्षकों के अपने मूल विभाग के स्थान पर अन्य विभागों में कार्यव्यवस्थार्थ प्रतिनियुक्ति के कारण विद्यालयों में अध्ययन-अध्यापन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा था। मूल पदस्थापन स्थान पर 31 जुलाई तक कार्यग्रहण नहीं करने वाले शिक्षकों और कार्मिकों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही संबंधित नियंत्रक अधिकारी द्वारा की जाएगी।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## चांदपोल जनाना अस्पताल में हुई लापरवाही, पति का डॉक्टर पर आरोप

# जश्न में मगन थे, डिलीवरी कराने आई महिला की कर दी नसबंदी

■ डॉक्टर बोले- उस वक्त मैं नहीं था, लेकिन प्रसूता की सहमति से ही किया ऑपरेशन

बेधड़क | जयपुर

राजधानी के जनाना अस्पताल में डिलीवरी कराने आई महिला की बिना बताए नसबंदी करने का मामला सामने आया है। पता चलने पर महिला के परिजन ने सिंधी कैंप थाने में लापरवाही का मामला दर्ज कराया है।

परिजन का आरोप है कि चिकित्सक ने मनमर्जी से उसकी पत्नी की नसबंदी कर दी। वहीं, चिकित्सक पवन कुमार अग्रवाल ने कहा कि महिला की सहमति पर ही नसबंदी की गई है।




**धोखे से चिकित्सक ने कराए हस्ताक्षर**

रामसिंह ने बताया कि डिलीवरी के बाद पूनम को वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। दो दिन बाद चिकित्सक पवन कुमार अग्रवाल ने लापरवाही छिपाने के लिए पत्नी व परिवारजनों को बताया कि आपके पुत्री हुई है। इसलिए आपको सरकार से पचास हजार रुपए का अनुदान मिलेगा। इसलिए आपके हस्ताक्षर की आवश्यकता है। यह बताते हुए पूनम से छलपूर्वक हस्ताक्षर करा लिए। इसके बाद 24 जुलाई को अस्पताल से फोन कर रामसिंह को बताया गया कि आपकी पत्नी का नसबंदी का ऑपरेशन किया गया है।

### डिलीवरी के समय जन्मदिन मनाने में व्यस्त थे डॉक्टर और स्टाफ!

थानाधिकारी जयमल सिंह ने बताया कि मकराना के कुकड़ोद निवासी रामसिंह राजपूत ने मामला दर्ज कराया कि उनकी पत्नी पूनम कंवर को डिलीवरी के लिए जनाना अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वार्ड के इंचार्ज डॉ. पवन कुमार अग्रवाल थे। रामसिंह ने आरोप लगाया कि जब डिलीवरी हो रही थी उस समय वार्ड में किसी का जन्मदिन मनाया जा रहा था। डॉ. पवन व अन्य केक काट रहे थे। पूनम की ऑपरेशन से डिलीवरी की गई। इस दौरान डॉक्टर व अन्य जन्मदिन में इतने व्यस्त थे कि उन्होंने प्रसूता की नसबंदी कर डाली। उस समय पूनम बेहाशी की हालात में थी। महिला की नसबंदी को लेकर कोई सहमति नहीं ली। परिजनों से भी नसबंदी को लेकर कोई सहमति नहीं ली गई और सूचना भी नहीं दी गई।

### सहमति से की नसबंदी

"मेरा वार्ड है, लेकिन जब ऑपरेशन हुआ, तब मैं नहीं था। मैंने इस मामले की जानकारी ली है। परिजन गलत बोल रहे हैं। परिजनों को दो-तीन बार बुलाया था, वह नहीं आए। महिला की सहमति और साइन करने पर नसबंदी की गई है।

**डॉ. पवन कुमार अग्रवाल,** जनाना अस्पताल, चांदपोल

"महिला की नसबंदी को लेकर मामला दर्ज हुआ है। मामले की जांच की जा रही है।

**जयमल सिंह,** थानाधिकारी, सिंधी कैंप

## जलभराव और हादसों के चलते कोरिडोर बना सरकार के गले की फांस

# BRTS कैसे बंद करें, किया तो केंद्र को लौटाने होंगे 250 करोड़

**परेशानी** किसी की दुकानें टूटने के कगार पर तो किसी के आगे भर रहा पांच फीट तक का पानी

**समाधान** विशेषज्ञ का सुझाव ये बंद नहीं, सुव्यवस्थित तरीके से रिंग रोड की तरह बननी चाहिए

नरेन्द्र चतुर्वेदी | बेधड़क

**जयपुर।** महानगरीय क्षेत्रों के लिए वरदान साबित हो रहा बीआरटीएस जयपुर में लगातार हादसों और कई समस्याओं के चलते सरकार के लिए सिरदर्द बन चुका है। इसको लेकर हो रही परेशानियों से रोजाना जूझ रहे लोग इसे बंद करने की मांग लगातार उठा रहे हैं, लेकिन सरकार के सामने संकट दूसरा है।

वह चाहकर भी इसे बंद नहीं कर पा रही, क्योंकि अगर वह ऐसा करती है तो उसे केंद्र का इस पर खर्च हुआ पैसा ब्याज सहित लौटाना पड़ेगा, जो कि करीब 250 करोड़ से ज्यादा बैठता है। उधर, विशेषज्ञों ने बीआरटीएस को बंद करने के बजाय इस परेशानी का हल यह सुझाया है कि राज्य सरकार को इसे पूरे शहर के चारों ओर रिंग रोड की तरह बना देना चाहिए। साथ ही लास्ट माइल कनेक्टिविटी को सही करना चाहिए, जिससे कि आमजन को भी यातायात की पूरी सुविधा मिले।



फाइल फोटो

### 2006 में जयपुर में लाई गई थी योजना

बीआरटीएस के लिए केन्द्र सरकार ने जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी मिशन के तहत जयपुर शहर का चयन भी किया गया था। साल 2006 में इस योजना के लिए करीब 250 करोड़ रुपए अनुमोदित किए थे। गौरतलब है कि बीआरटीएस एक बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम है जो बड़े शहरों में यातायात समस्या को हल करने के लिए बनाया गया है।

### प्रबंधन की जिम्मेदारी JCTSL के पास

जयपुर बीआरटीएस के प्रबंधन की जिम्मेदारी जेसीटीएसएल को दी गई है। इसे शहर में दो फेज में शुरू करना था। प्रशासन सिर्फ सीकर रोड और मानसरोवर में ही बीआरटीए को बना पाया। टोंक रोड पर बीआरटीएस को लागू नहीं किया गया, क्योंकि टोंक रोड की चौड़ाई 160 फीट होने से इसकी फीडर सड़क के लिए जगह नहीं बच रही थी।

### ये बोले व्यापारी...

"बीआरटीएस सीकर रोड के व्यापारियों के लिए एक अभिशाप बन रही है। ये कॉरिडोर सड़क के दोनों ओर से व्यापारियों को दो सीमा में बांटने का काम कर रहा है। ग्राहक इधर से उधर नहीं आ पाता है, जिससे धंधा चौपट हो गया है।



**रवि जिंदल,** अध्यक्ष, ढेहर का बालाजी व्यापार मण्डल

"व्यापारी भी कॉरिडोर की वजह से परेशानियों से जूझ रहे हैं। बीआरटीएस कॉरिडोर के बनने से सड़क का करीब 10 फीट का हिस्सा बेकार हो गया, जिससे सड़क छोटी होने से आज हमारी दुकानों पर संकट पैदा हो गया है।



**अमित शर्मा,** अध्यक्ष, न्यू सांगानेर रोड व्यापार मण्डल

### सरकार दे रखरखाव पर ध्यान

अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक रिटायर्ड चंद्र शेखर पाराशर ने बताया कि सरकार को इसे बंद करने पर नहीं, अपितु सही दिशा में बढ़ाने पर विचार करना चाहिए। इसके उपयोग से बड़े-बड़े शहरों में यातायात सुगम होता जा रहा है। अहमदाबाद, इंदौर जैसे महानगरों में आमजन के लिए बहुत उपयोगी साबित हो रही है। वहीं, जयपुर में आमजन इसे बंद करने की मांग कर रहा है। इसका कारण सरकार द्वारा इसके रखरखाव पर ध्यान नहीं देना और इस प्रोजेक्ट को आगे नहीं बढ़ाना है। सरकार को इसे पूरे शहर के चारों ओर रिंग रोड की तरह बना देना चाहिए, साथ ही लास्ट माइल कनेक्टिविटी को सही करना चाहिए, जिससे कि आमजन को यातायात सुविधा मिले।

## जेडीए की कार्रवाई

# सोलह बीघा भूमि पर बनी तीन अवैध कॉलोनियां ध्वस्त



बेधड़क | जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण के जोन-14 निजी खातेदारी की करीब 16 बीघा कृषि भूमि पर बस रही तीन अवैध कॉलोनियों को जेडीए ने मंगलवार को ध्वस्त कर दिया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जोन 6 में सीकर रोड पर अनोखा गांव के पास बालाजी विहार-10 कॉलोनी में रोड सीमा-पार्किंग की भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर लिया गया था। उपायुक्त जोन-06 ने अवैध कब्जा-अतिक्रमण हटाने के लिए पाबंद किया था। इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाने पर नियमानुसार कार्यवाही कर प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीन और मजदूरों की सहायता से ध्वस्त करवाया। जोन-14 में ही डिग्गी रोड पर श्राफ फैक्ट्री के पास करीब 4 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के और बिना भू-रूपान्तरण कराए भूमि को समतल कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाई जा रही थी।

इसे भी प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीन और मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर दिया। इसके साथ ही डिग्गी रोड पर लाल फार्म के सामने करीब 6 बीघा और ग्राम डाबला खुर्द में ही करीब 6 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के और बिना भू-रूपान्तरण कराए वृन्दावन सिटी के नाम से बसी नवीन अवैध कॉलोनी को भी ध्वस्त किया गया।

## न्यू सांगानेर रोड व्यापार मंडल को पुष्पेन्द्र भारद्वाज का आश्वासन

# जेडीए ने एक्शन लिया तो मैं करूंगा विरोध

बेधड़क | जयपुर

अपनी दुकानों को टूटने से बचाने के लिए आंदोलन कर रहे सैकड़ों व्यापारी तीन दिन से पुष्पेन्द्र भारद्वाज के कार्यालय पर धरना देकर बैठे हैं। मंगलवार को भारद्वाज कार्यालय आए तो सभी व्यापारियों ने उन्हें घेर लिया और अपनी दुकानें बचाने की गुहार की।

इस पर कांग्रेस नेता ने एक ही जबाव दिया कि जब कोर्ट ने तीन महीने में दुकानें हटाने के लिए कहा था, तब भी ढाई साल से उन्हें कुछ नहीं होने दिया तो भरोसा रखें। आगे भी बचाउंगा। आप सबकी मांगे जायज है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से आप लोगों को जल्द मिलवाउंगा और जेडीए कुछ भी एक्शन लेगा तो सबसे पहले मैं विरोध करूंगा। व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अमित शर्मा ने बताया कि कुछ साल पहले तक न्यू सांगानेर रोड को जेडीए ने रिंग रोड के रूप में दर्शाया था, लेकिन अब इसके समानंतर वंदेमातरम मार्ग और कुछ ही दूरी पर रिंग रोड भी बन चुकी है। इससे इस मार्ग पर इतना ज्यादा यातायात दबाव नहीं रहता है और कोर्ट ने सिर्फ सड़क से अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया है। जेडीसी हमें बताए कि दुकानें कब से अवैध हो गई हैं। जेडीए अधिकारियों की बदनीयत का परिणाम है कि वंदेमातरम मार्ग पर आज तक 15 घर इनसे हट नहीं पाए, जबकि वहां रहने वाले खुद हटने को तैयार हैं।

मुआवजा नहीं देने के कारण जेडीए उन्हें हटाना नहीं चाह रहा है। उन मकानों के हटने से वंदेमातरम मार्ग का सीधा जुड़ाव न्यू सांगानेर रोड से हो जाएगा। सभी व्यापारियों ने एक स्वर में कहा कि चाहे जो कुछ हो जाए, वे अपनी दुकानों को नहीं हटने देंगे।




## मणिपुर हिंसा के खिलाफ कैंडल मार्च




*जयपुर। मणिपुर में 3 महीने से हो रही हिंसा के खिलाफ मंगलवार को एनएसयूआई के प्रदेश प्रवक्ता अमरदीप परिहार के नेतृत्व में राजस्थान विश्वविद्यालय से जेडीए सर्किल इंदिरा गांधी प्रतिमा तक कैंडल मार्च निकाला गया। प्रधानमंत्री और मणिपुर के मुख्यमंत्री की मामले को लेकर चुप्पी साधने के विरोध में यह मार्च निकाला गया।*

## 46 नए हूपर्स को महापौर सौम्या गुर्जर ने दिखाई हरी झंडी

# विद्याधर नगर जोन के 21 वार्डों में अब नहीं दिखेगा बिखरा कचरा

बेधड़क | जयपुर

ग्रेटर निगम के विद्याधर नगर जोन के 21 वार्डों में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 46 नए हूपर दिए गए हैं। ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर ने मंगलवार को अम्बावाड़ी स्थित जोन कार्यालय के बाहर से इन 46 हुपर्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

महापौर सौम्या गुर्जर ने हूपर्स पर लगाए गए कर्मियों को घरों से कचरा उठाने के सख्त निर्देश दिए। महापौर ने बताया कि 1200 किलो की क्षमता वाले 46 हूपर्स विद्याधर नगर जोन के 21 वार्डों में घर-घर जाकर कचरा संग्रहण करेंगे। इससे विद्याधर नगर जोन की सफाई व्यवस्था सुदृढ़ होगी। हूपर्स में गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग बॉक्स बनाए गए हैं। इसके साथ ही इन हूपर्स में घातक अपशिष्ट पदार्थो को डालने के लिए लाल रंग का बॉक्स तथा सेनेट्री कचरे के लिए काले रंग का बॉक्स लगाया गया है। सुबह 7 से 3 और शाम को 5 से 9 बजे तक ये हूपर्स कचरा संग्रहण करेंगे।




### स्वच्छता सर्वेक्षण कभी भी इसलिए लगातार दौरे

स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के लिए शहर में केन्द्र से टीम कभी भी आ सकती है, इसलिए ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर सभी जोन में खुद मोर्चा संभाले हुए है। महापौर पैदल घूम कर लोगों से समस्याएं सुन रही हैं और सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की व्यवस्था लगातार हो जाए तो सब कर्मचारी बढ़िया काम करने लग जाएंगे। महापौर ने विद्याधर नगर जोन कार्यालय से बैंक कॉलोनी, राधा गोविंद कॉलोनी, मंदिर मोड होते हुए परशुराम सर्किल, अल्का सिनेमा हॉल के सामने से वीकेआई रीको क्षेत्र, केडीया पैलेस चौराहा, बोरिंग रोड़, काटा पंखा चैराहा, मेडिकल डीसी सेन्टर, वार्ड 37 सहित विभिन्न स्थानों पर औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। बुधवार को महापौर मुरलीपुरा जोन का निरीक्षण करेंगी।

### वार्डों का किया दौरा, बीमार गाय देख रुका काफिला



महापौर ने विद्याधर नगर जोन की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड 28 के निरीक्षण के समय बीमार गाय को देखकर रुक गईं और एम्बुलेंस में बीमार गाय को उपचार लिए भिजवाया। उन्होंने लगभग 50 किमी से भी अधिक का दौरा कर विद्याधर नगर जोन की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क पर सफाई पाए जाने पर सफाई कर्मचारी को शाबाशी भी दी और जहां सफाई नहीं पाई गई, वहां सफाई कर्मचारी को डांट भी लगाई गई। महापौर ने सब्जी विक्रेताओं को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई। साथ ही आमजन से स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के तहत फीडबैक देने की अपील की। इस अवसर पर समिति चैयरमेन विनोद चौधरी, रामकिशोर प्रजापत, उपायुक्त विद्याधर नगर जोन संतोष गोयल, उपायुक्त गैराज अतुल शर्मा, उपायुक्त स्वास्थ्य मुकेश कुमार मूंड, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रश्मि कांकरिया सहित स्थानीय पार्षद उपस्थित रहे।

## जरूरी खबर

### केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल आज आएंगे चित्तौड़गढ़



**चित्तौड़गढ़**। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल 26 जुलाई को चित्तौड़गढ़ आएंगे। वे 27 जुलाई को बोजुंदा मेडिकल कॉलेज के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसका वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। इसके बाद केन्द्रीय मंत्री दोपहर 1 बजे बोजुंदा से प्रस्थान कर दोपहर 2.30 बजे सर्किट हॉउस और फिर कार से नाथद्वारा के लिए प्रस्थान करेंगे। इस दौरान अमृता वालिया, अवर सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भी उनके साथ रहेंगी।

### मंत्रोच्चारण के बीच एक हजार घट से किया रुद्राभिषेक

**अलवर**। श्रावण अधिकमास के अवसर पर प्राच्य ज्ञान-विज्ञान प्रचार-प्रसार समिति की ओर से विजय नगर एनईबी के पीछे स्थित शिव मंदिर में रुद्राभिषेक किया गया। इसमें अष्टाध्यायी रूद्र वेदपाठ के साथ एक हजार जल घट से भगवान शिव का अभिषेक किया गया। समिति अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि इससे पूर्व प्रथम पूज्य भगवान गणेश, षोड्ष एवं सप्तघृत मात्रिका, नवग्रह, पंच लोकपाल, रूद्र कलश, वरूण एवं प्रधानपीठ पर भगवान महाकाल की पूजा-अर्चना की गई। इस मौके पर हृदय नाथ महाराज के चित्र का भी पूजन किया गया। आरती के बाद पंगत प्रसादी भी हुई।

### फायरिंग के तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



**नागौर**। थाना मौलासर अंतर्गत भदलिया गांव में रविवार को कहासुनी के बाद फायर करने के मामले में थाना पुलिस की टीम ने आरोपियों को 48 घंटे में दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी गांव भदलिया निवासी महावीर जांगिड़ (23), बलवीर सिंह नायक (20) तथा लादड़िया निवासी जितेंद्र धानका (21) को गिरफ्तार किया है। एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि आरोपियों के पास से वारदात में प्रयुक्त एक पिस्टल व एक कारतूस, एक दुर्घटनाग्रस्त कार, बाइक व स्कूटी जब्त की गई है। उन्होंने बताया कि घटना के संबंध में भदलिया गांव निवासी संजय शर्मा ने थाना मौलासर पर 23 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

**दूसरी जाति के युवक से विवाह करने पर आहत** मां-बाप ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

# बर्दाश्त नहीं हुआ बेटी का प्यार, दंपती ने मौत को गले लगाया

**बेधड़क** | पाली

बेटी के प्रेम विवाह से आहत दंपति ने मंगलवार को ट्रेन के आगे कूदकर जीवन लीला समाप्त कर ली। जैसे ही यह खबर लोगों को पता चली, सभी स्तब्ध रह गए। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना सदर थाना इलाके के जोधपुर रोड़ गुमटी के पास रेलवे ट्रेक की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया।

घटना के बाद काफी देर तक तो दोनों ही शवो की पहचान ही नहीं हुई। तलाशी में जेब से मकान की चाबी और सुसाइड नोट मिला। इसमें लिखा था 'मेरी बेटी ने सुबह किसी दूसरी जाति के लड़के से लव मैरिज कर ली। इससे मैं, मेरी पत्नी और बेटा बहुत दुखी हैं। बेटी के ऐसा कदम उठाने से आहत होकर हम पति-पत्नी यह कदम उठा रहे हैं। हमारा बेटा गौरव बहुत लायक है। उसे ईश्वर खूब तरक्की दे। मेरे भाई-भाभी और साला-साली से आशा करता हूं कि वे मेरे प्यारे बेटे का ध्यान रखें। हमारा आशीर्वाद हमेशा उसके साथ रहेगा। पुलिस-प्रशासन उसे परेशान न करे।'

मामले के अनुसार शहर के जोधपुर रोड स्थित गुमटी के निकट स्थित रेलवे ट्रैक पर मंगलवार सुबह जोधपुर-रतलाम ट्रेन के आगे कूदकर दंपती ने खुदकुशी कर ली। हादसे में पति-पत्नी के शव के कई टुकड़े हो गए। वहीं ट्रेन भी एक घंटे तक रुकी रही। इस कारण रेलवे यातायात प्रभावित रहा।



मृतक दंपती की पहचान पाली के पुराना हाउसिंग बोर्ड निवासी अशोक व्यास (55) और उनकी पत्नी मीना व्यास (50) के रूप में हुई। मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने शवों को बांगड़ अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। युवती के पिता अशोक सब्जी बेचने का काम करते थे।

### बेटी को खूब समझाया, नहीं मानने पर आहत हो उठाया कदम

अशोक व्यास की बेटी (22) सोमवार को एसपी के सामने पेश हुई थी। इस दौरान अशोक और उनकी पत्नी भी थाने आए थे। माता-पिता ने अपनी बेटी को खूब समझाया। बेटी ने उनकी बात नहीं मानी और युवक के साथ ही रहने की रजामंदी दी। बेटी के इस रवैये से दंपती बहुत आहत हुआ। इसके अलावा उनका बेटा गौरव (25) भी तनाव में आ गया। किराए के मकान पर ताला लगाकर दोनों पति-पत्नी मंगलवार सुबह पैदल ही जोधपुर रोड ओवरब्रिज के नीचे पहुंचे और ट्रेन के आगे कूद गए।

### काफी देर बाद हुई शवों की शिनाख्त

घटना के बाद काफी देर तक तो दोनों ही शवो की पहचान ही नहीं हुई। बाद में मृतक दंपती की पहचान पुराना हाउसिंग बोर्ड निवासी अशोक व्यास एवं मीरा व्यास के रूप में हुई। मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर बांगड़ अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

### बेटे को दूर भेजा, अब पुलिस तलाश में जुटी

बेटी के लव मैरिज से पूरा परिवार परेशान रहा। दंपती ने अपने बेटे को किसी रिश्तेदार के यहां जाने के लिए जोधपुर की बस में बिठाया। अब उसका फोन भी नहीं मिल रहा है। पुलिस युवक की तलाश में जुटी है।

**पद के दुरुपयोग के आरोप** में उदयपुरवाटी चेयरमैन निलंबित

# गुढ़ा के बाद अब करीबियों पर सरकार की 'सर्जिकल स्ट्राइक'

**सुजीत शर्मा** | बेधड़क

**झुंझुनूं**। राज्य सरकार ने मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा को बर्खास्त करने के बाद अब उनके करीबियों पर भी 'सर्जिकल स्ट्राइक' शुरू कर दी है। इसके तहत पहली गाज उदयपुरवाटी नगरपालिका के चेयरमैन रामनिवास सैनी पर गिरी है। जिन्हें स्वायत्त शासन विभाग ने मंगलवार को निलंबित कर दिया। डीएलबी डायरेक्टर हृदेश कुमार शर्मा ने एक आदेश जारी कर चेयरमैन रामनिवास सैनी को न केवल चेयरमैन पद से बल्कि नगरपालिका सदस्य पद से भी निलंबित कर दिया है।

इसके बाद गुढ़ा के समर्थकों में हड़कंप मच गया है। इधर राजेन्द्र गुढ़ा ने मंगलवार सुबह से नारी सम्मान ऊंट गाड़ी यात्रा शुरू की। उधर, जयपुर से शाम को उदयपुरवाटी चेयरमैन के निलंबन के आदेश जारी हो गए। राजनीतिक गलियारों में इस कार्रवाई को गुढ़ा पर की गई कार्रवाई से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि जिस मामले में चेयरमैन को निलंबित किया गया है।



उस मामले की जांच काफी समय से चल रही थी, लेकिन वर्तमान घटनाक्रम के दौरान ही चेयरमैन पर कार्रवाई होने से सभी इसे गुढ़ा के बगावती कदम से जोड़कर देखा जा रहा है।

डीएलबी डायरेक्टर हृदेश कुमार शर्मा द्वारा जारी आदेश में पद के दुरुपयोग के मामले का भी विस्तृत विवरण दिया गया है। दरअसल वर्ष 2022 में चेयरमैन ने नगरपालिका में चार बागवानों की नियुक्ति कर दी थी। बागवान के उक्त चार पद नगरपालिका में स्वीकृत नहीं थे। जिन बागवानों को नियुक्ति दी गई थी वो आपस में रिश्तेदार थे। इसकी जांच करवाई गई तो सैनी की ओर से पद का दुरुपयोग करने की बात सामने आई। इसके बाद सैनी से स्पष्टीकरण मांगा गया, लेकिन विधिक परीक्षण में स्पष्टीकरण संतोषप्रद नहीं मिला।

इसके बाद रामनिवास सैनी पर अध्यक्ष के रूप में अपने कर्तव्य का पालन नहीं करने और पद का दुरुपयोग करने के आरोप को प्रमाणित किया गया। उनका यह कृत्य प्रतिकूल आचरण माना गया।

### गुढ़ा ने शुरू की नारी सम्मान यात्रा

लाल डायरी के बाद पूरे देश में छाए गहलोत सरकार के बर्खास्त मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार से उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र झुंझुनूं के उदयपुरवाटी विधानसभा क्षेत्र के झड़ाया गांव से ऊंट गाड़ों के साथ नारी सम्मान यात्रा शुरू कर दी है। इसका गांवों में जगह-जगह स्वागत हो रहा है। बारिश के बावजूद न तो गुढ़ा और ना ही उनके समर्थक रुक रहे हैं। राजू बन गया जेंटलमेन.... गाना डीजे पर बजाया जा रहा है। गुढ़ा ने कहा कि वे अब पूरे राजस्थान में जाकर गहलोत सरकार के काले कारनामे बताएंगे।

### मदन नहीं तो सदन नहीं: राठौड़

प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड़ ने कहा है कि भाजपा विधायक मदन दिलावर का विधानसभा से निलंबन मामले में भाजपा सदन की कार्यवाही में हिस्सा नहीं लेगी। उन्होंने कहा कि मदन नहीं तो सदन नहीं... के नारे के साथ भाजपा मदन दिलावर के निलंबन को रद्द करवाने की मांग करेगी। राठौड़ पीएम के प्रस्तावित सीकर दौरे की तैयारियों को लेकर सूरजगढ़ पंचायत समिति में भाजपा नेताओं व पदाधिकारियों की बैठक लेने आए थे। पत्रकारों के सवाल पर राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजेंद्र सिंह गुढ़ा को लेकर सार्वजनिक मंच पर कहा था कि वे गुढ़ा के अहसानमंद हैं, जिन्होंने उनकी सरकार बचाई। दुर्भाग्यपूर्ण है कि गुढ़ा के इस अहसान को सीएम ने जूतों, लातों और थप्पड़ों से उतारा। उन्होंने कहा कि मेरे साथ राजेंद्र गुढ़ा का गठजोड़ बताया जा रहा है। यदि गहलोत मंत्रीमंडल के किसी सदस्य का गठजोड़ मेरे साथ है। तो गहलोत को सावधान हो जाना चाहिए। पता नहीं कितने ही लोगों को वो अपनी आस्तीन में लेकर घूम रहे हैं।

**'सच बेधड़क' की खबर का असर**

# निशुल्क वितरण वाले सेनेटरी पैड को नष्ट करने का आरोपी धरा

**बेधड़क** | झालावाड़

जिले की सुनेल पुलिस ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी उड़ान योजना के तहत निशुल्क विपरित किए जाने वाले सेनेटरी नैपकिन को जलाकर नष्ट करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया कि पुलिस ने सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 के तहत दर्ज मामले में आरोपी दिलीप नागर (25) निवासी बोहरा कॉलोनी थाना सुनेल को गिरफ्तार किया गया है।

गौरतलब है कि दैनिक सच बेधड़क में 'सरकारी नुमाइंदे ही योजना की 'उड़ान' में डाल रहे खलल' शीर्षक से 14 जुलाई के अंक में प्रकाशित समाचार में इस मामले को प्रमुखता से उठाया था। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी दिलीप धाकड़ ने बताया कि मैने सन 2022 में 44 ग्राम पंचायत के गांवों मे निशुल्क सेनेटरी नैपकिन वितरण का ठेका लिया था। वितरण के दौरान जो पेकेट पीकअप वाहन मे बिखर जाते उनको मैंने घर पर काफी मात्रा मे एकत्र कर लिए थे। वितरित किए गए सेनेटरी नैपकिन का सत्यापन कराने के बाद इनको मार्केट मे बेचने का प्रयास किया। इनके मार्केट में नहीं बिकने पर मौका देखकर बाबाजी की तलाई क्षेत्र में ले जाकर जला दिए।



### यह था पूरा मामला

राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही उडान योजना के अंतर्गत निशुल्क वितरित होने वाले सेनेटरी नैपकिन बडी संख्या मे बाबाजी की तलाई क्षेत्र के जंगल में जले हुए मिले थे। वहीं काफी पैकेट इधर-उधर बिखरे हुए थे। सूचना मिलने पर 13 जुलाई को आईसीडीएस विभाग की टीम व बीसीएमओ मौके पर पहुंचे। मौके पर सेनेटरी नैपकिन जले हुए मिले तथा एक पैकेट सही-सलामत हालत में मिला था।

**बाइक पर सवार होकर आए** तीन बदमाशों ने की वारदात

# घर के बाहर खड़े व्याख्याता पर किया चाकू से ताबड़तोड़ हमला

**बेधड़क** | झालावाड़

शहर के राधारमण मंदिर इलाके में मंगलवार सुबह घर के बाहर खड़े सेवानिवृत व्याख्याता पर कुछ बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार होकर आए तीन बदमाशों ने श्यामसुंदर शर्मा पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर उन्हें घायल कर दिया। परिजन उन्हें तुरंत जिला अस्पताल लेकर गए, जहां उनका इलाज चल रहा है। उधर मामले की जानकारी मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक



चिरंजीलाल मीणा भी अस्पताल पहुंचे और घायल से मामले की जानकारी ली।

उन्होंने पुलिस को बताया कि अपने मकान के बाहर खड़े थे। इस दौरान बाइक सवार तीन युवक आए और अचानक चाकुओं से उन पर हमला कर दिया। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए। हमले में श्यामसुंदर के हाथो और जांघ में गंभीर चोट आई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजीलाल मीणा ने बताया कि शिक्षक पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने घर के बाहर ही चाकू से हमला किया था।

घायल शिक्षक का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस टीमें रवाना कर दी गई हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**शहीद कालू लाल की अंतिम यात्रा में** उमड़ा जन सैलाब

# नम आंखों से दी लाड़ले को अंतिम विदाई

**बेधड़क** | बूंदी

जिले के हिंडोली इलाके के हनुमानपुरा गांव निवासी शहीद कालूलाल का मंगलवार को राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार किया गया। ग्रामवासियों ने अपने लाडले को नम आंखों से विदाई दी। लोगों ने शहीद कालूलाल अमर रहे-अमर रहे... के नारें लगाए तो माहौल देशभक्ति से सराबोर हो गया।

इस दौरान सैनिक कालू लाल को बड़ी संख्या में लोग श्रद्धांजलि देने पहुंचे। शहीद को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। क्षेत्रीय विधायक व खेल मंत्री अशोक चांदना, पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी व जिला



कलेक्टर रविन्द्र गोस्वामी सहित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले शहीद का शव पश्चिम बंगाल के पानागढ़ आर्मी कैंप से जयपुर तक हवाई मार्ग से लाया गया। फिर सड़क मार्ग से पार्थिव देह को हिंडोली लाया गया। जहां पर शहीद स्मारक पर कुछ देर पार्थिव देह को रोका गया। यहां पर लोगों ने शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

बाद में शहीद कालूलाल नागर की देह को गांव कुम्हरला हनुमानपुरा ले जाया गया। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल के पानागढ़ आर्मी कैंप में कालू लाल ट्रक चालक के रूप में तैनात थे। जहां पर शनिवार शाम करीब 5 बजे के ट्रक के टायर में हवा भरते समय टायर फटने से कालू लाल की मौत हो गई थी।

कालू लाल का विवाह 5 जून को बूंदी के करवर निवासी टीना के साथ हुआ था। ग्रामीणों ने बताया कि कालू लाल बचपन से ही सेना में जाना चाहते थे। उन्होंने चार बार सेना में जाने की तैयारी की। चौथे प्रयास में उनको सफलता मिली। वे कहते थे कि मेरे लिए देश की रक्षा ही भगवान की सेवा है।

**क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी**

# मंत्री धारीवाल ने सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

**बेधड़क** | कोटा

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल के नेतृत्व में कोटा में लगातार निकाली जा रही हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की पद यात्रा क्षेत्रवासियों के लिए सौगात साबित हो रही है। पदयात्रा के दौरान मंत्री धारीवाल और अमित धारीवाल आमजन से मुखातिब होकर क्षेत्र में करवाए गए विकास कार्यों का फीडबैक ले रहे हैं।

वही किसी भी क्षेत्रवासी की ओर से कोई समस्या बताए जाने पर समाधान का मौके पर ही निर्देश भी दिए जा रहे हैं। मंगलवार को मंत्री धारीवाल के नेतृत्व में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा के दौरान परकोटा वासियों को मंत्री धारीवाल ने बड़ी सौगात दी। उन्होंने वार्ड-55 में दो करोड़ रुपए की लागत से नगर निगम द्वारा निर्मित किए गए अत्याधुनिक सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान धारीवाल ने कहा कि परकोटा क्षेत्र में बड़े सामुदायिक भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

क्षेत्रवासियों की मांग के अनुरूप अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त सामुदायिक भवन विकसित किया गया है। इसमें क्षेत्र के लोग सामाजिक एवं अन्य कार्यक्रम कर सकेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासयों से सामुदायिक भवन का रख-रखाव करने की भी अपील की। इस मौके




पर आयोजित लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए पीसीसी महासचिव अमित धारीवाल ने कहा कि यह सामुदायिक भवन आस-पास के आधा दर्जन से अधिक वार्डवासियों को सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने 5 साल में कोटा में प्रत्येक सेक्टर में हुए विकास कार्यों के बारे में भी जानकारी दी। इस मौके जिलाध्यक्ष रविन्द्र त्यागी, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड उपाध्यक्ष पंकज मेहता, मेयर मंजू मेहरा, उप महापौर पवन मीणा सहित कांग्रेस कार्यकर्ता, क्षेत्रवासी और निगम अधिकारी मौजूद रहे।

### वार्ड-55 में घर-घर पहुंची पदयात्रा

सामुदायिक भवन के लोकार्पण से पहले मंत्री शांति धारीवाल के नेतृत्व में वार्ड 55 में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत पदयात्रा घर-घर पहुंची। पदयात्रा का वार्ड वासियों ने जगह-जगह स्वागत किया। पदयात्रा के दौरान वार्डवासियों ने आतिशबाजी कर स्वागत किया गया। मंत्री धारीवाल और पीसीसी महासचिव अमित धारीवाल क्षेत्रवासियों से रूबरू हुए। इस दौरान दोनों नेताओं ने क्षेत्रवासियों की समस्या को सुना और मौके पर ही अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

# गर्मी में शिकायत भी दर्ज नहीं करता विद्युत विभाग

**बेधड़क** | कोटा

अघोषित बिजली कटौती के विरोध में मंगलवार को दादाबाड़ी के निवासियों ने केईडीएल के कोटड़ी स्थित कार्यालय पर सांकेतिक प्रदर्शन कर असिस्टेंट इंजीनियर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री विकास शर्मा व भाजपा दादाबाड़ी मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र हाड़ा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और कोटा दक्षिण के वार्ड 21, 22 व 60 के लोग केईडीएल कार्यालय पहुंचे।

लोगों ने बताया कि भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती से परेशानी का सामना करना पड़ता है। विभाग की ओर से शिकायत तक दर्ज नहीं की जाती है। जनप्रतिनिधियों व स्थानीय निवासियों द्वारा विभाग के कर्मचारियों को व्यक्तिगत रूप से परेशानियों से अवगत करवाया, लेकिन बिजली कटौती बंद नहीं हुई। भाजपा नेता विकास शर्मा ने कहा कि आम जनता में विद्युत विभाग के प्रति आक्रोश है। भीषण गर्मी में जनता को अघोषित कटौती से राहत दी जाए, अन्यथा विभाग के किसी भी कर्मचारी को कार्यालय में बैठने नहीं दिया जाएगा।

प्रदर्शन में जिला कार्यकारिणी सदस्य शैलेंद्र ऋषि, भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री पूनम जैन, भाजपा के संजय झमटानी, डॉ. मनोहर बख्तानी, हरीश चोथवानी, सुनील पुरुसकनी, गौरव अग्रवाल, महिला मोर्चा से अनिता वाघेला, भावना शक्तावत सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**मंथन: स्कूल शिक्षा विभाग शासन सचिव ने वीसी से की प्रगति की समीक्षा**

# प्रदेश में एमजीजीएस की बाल वाटिकाओं को मिलेंगे नए टीचर

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में क्वालिटी एजुकेशन के लिए खोले गए महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों की बाल वाटिकाओं में शिक्षकों की कमी जल्द ही दूर होगी।

स्कूल शिक्षा विभाग एक हजार से अधिक बाल वाटिकाओं में एनटीटी टीचर्स की शीघ्र नियुक्ति की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। एनटीटी टीचर्स काउंसलिंग से इन्हें जल्दी ही जिला आवंटित कर एमजीजीएस बाल वाटिकाओं में नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के बच्चों को पढ़ाने का दायित्व सौंपा जाएगा। शिक्षा शासन सचिव नवीन जैन की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई प्रदेश के 12 हजार से अधिक शिक्षा अधिकारियों की वीसी (वीडियो कांफ्रेंसिंग) के माध्यम से आयोजित बैठक में यह जानकारी दी गई।




जैन ने बैठक में मौजूद अधिकारियों से संवाद करते हुए एमजीजीएस की 'ब्रांड वैल्यू' में निरंतर बढ़ोतरी करने पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए। बैठक में शिक्षा निदेशक कानाराम, शासन सचिव चित्रा गुप्ता, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद आयुक्त डॉ. टी शुभमंगला सहित प्रदेश के शिक्षा विभाग के विभिन्न अधिकारी जुड़े।

### 15 दिन में आएगा शाला सम्बलन का अपग्रेडेड वर्जन

शासन सचिव ने कहा कि 'शाला सम्बलन एप' का अपग्रेडेड वर्जन आगामी 15 दिनों में जारी कर दिया जाएगा। अपग्रेडेड एप के माध्यम से स्कूलों का निरीक्षण प्रभावी रूप से हो सकेगा। उन्होंने स्कूल निरीक्षण के मौके पर एप के जरिए शिक्षकों और बच्चों की उपस्थिति का डाटा फीड करने के साथ ही शाला संचालन से संबंधित सभी महत्वपूर्ण घटकों का बारीकी से जायजा लेने के निर्देश दिए।

### नो बैग डे की गतिविधियों का बनेगा कैलेंडर

शासन सचिव ने बताया कि सभी स्कूलों में 'नो बैग डे' के तहत शनिवार को संविधान की उद्देश्यिका और मूल कर्तव्यों के पठन, गुड टच-बैड टच, तम्बाकू से बचाव, सड़क सुरक्षा और बी-स्मार्ट जैसी गतिविधियों को शामिल करते हुए विस्तृत एवं कैलेंडर आगामी दिनों में जारी किया जाएगा। उन्होंने बच्चों को पौधे लगाने के लिए प्रेरित करने के लिए इको क्लब की गतिविधि भी शुरू करने को कहा।

## Yuva स्टोरीज



**पुरातत्व व संग्रहालय विभाग के लिए आवेदन आमंत्रित |**
**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग में खोज व उत्खनन अधिकारी के एक और संग्रहाध्यक्ष के 9 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इन पदों पर भर्ती के लिए कैंडिडेट्स बुधवार से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 25 अगस्त है। आवेदन के लिए आवेदन की उम्र 1 जनवरी 2024 को न्यूनतम 21 साल व अधिकतम 40 साल होनी चाहिए। चयन लिखित परीक्षा के माध्यम से होगा। आरपीएससी से प्राप्त जानकारी की अनुसार इस भर्ती परीक्षा का आयोजन नवंबर 2023 में किया जाना संभावित है। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण और अन्य जानकारी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। परीक्षा के लिए आवेदन करने के लिए सामान्य (अनारक्षित) और राजस्थान के क्रीमीलेयर श्रेणी के अन्य पिछड़ा वर्ग / अति पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को 600 रुपए शुल्क चुकाना होगा। नॉन क्रीमीलेयर श्रेणी के अन्य पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और दिव्यांग के लिए के लिए 400 रुपए शुल्क निर्धारित है।

**आज से 'आरंभ' होगा स्टूडेंट्स का नया सफर |**
**जयपुर।** पोद्दार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में बैच-2023 में विभिन्न संकायों एवं प्रोफेशनल कोर्सेज मे प्रवेश लेने वाले स्टूडेंट्स के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम 'आरम्भ' की शुरुआत बुधवार को होगी। पहले दिन बीबीए एवं बीसीए का ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पहले दिन ग्रुप चेयरमैन डॉ. आनंद पोद्दार समेत अन्य वक्ता प्रमुख सेशन में रूबरू होंगे एवं कॉलेज के बारे में स्टूडेंट्स को विस्तार से जानकारी देंगे। ओरिएंटेशन के दौरान प्रतिदिन विभिन्न इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स अलग-अलग सेशन्स में स्टूडेंट्स से इंटरेक्शन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम आयोजित होंगे। ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दौरान स्टूडेंट्स को यूनिवर्सिटी से संबंधित विभिन्न सेल, फैकल्टी, एलुमिनी इंटरेक्शन, प्लेसमेंट, कल्चर, ग्लोबल टाई-अप, क्लब कौंसिल, कॅरिकुलम, फिजिकल एक्टिविटी समेत तमाम जानकारियों से अवगत करवाया जाएगा।

## खेलो इंडिया प्रशिक्षकों के साक्षात्कार 31 जुलाई से

बेधड़क | जयपुर

भारत सरकार की योजना के तहत राजस्थान के सभी 33 जिलों में खोले गए खेलो इंडिया सेंटर्स एजेंसी के माध्यम से लगाए जाने वाले प्रशिक्षक के लिए साक्षात्कार 31 जुलाई से शुरू होंगे। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् की अध्यक्ष डॉ. कृष्णा पूनिया ने बताया कि भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना के तहत राज्य में सभी जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्रों पर खेलो इंडिया सेन्टर खोले जाने के बाद अब वहां एजेंसी के माध्यम से प्रशिक्षकों को लगाया जाएगा। प्रत्येक सेन्टर पर एक खेल तय किया गया है। उन्होंने बताया कि संबंधित जिले में जो भी प्रशिक्षक खेलो इंडिया केन्द्रों पर प्रशिक्षण देने के इच्छुक हों, वे 31 जुलाई से शुरू होने वाले साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। यह साक्षात्कार प्रातः 11:30 बजे से खेल परिषद् मुख्यालय पर शुरू होंगे।

डॉ. पूनिया ने बताया कि जैसलमेर, चितौड़गढ़, अजमेर, जालौर, बाड़मेर और सीकर केन्द्रों के लिए बास्केटबॉल प्रशिक्षक के साक्षात्कार 31 जुलाई को, झुन्झुनू, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, अलवर और दौसा के लिए एथलेटिक्स



प्रशिक्षकों के 1 अगस्त को, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, डूंगरपुर के लिए तीरंदाजी प्रशिक्षक, पाली, राजसमंद, धौलपुर के लिए बैडमिन्टन प्रशिक्षक व झालावाड़, भरतपुर, नागौर के लिए साफ्टबॉल के प्रशिक्षक के साक्षात्कार 2 अगस्त को लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जोधपुर, सवाई माधोपुर के लिए फुटबॉल, बारां, सिरोही के लिए हॉकी, बूंदी व चूरू के लिए वॉलीबॉल प्रशिक्षक का साक्षात्कार 3 अगस्त को, कोटा के लिए बॉक्सिंग प्रशिक्षक, जयपुर चौगान स्टेडियम के लिए वुशु प्रशिक्षक, भीलवाड़ा के लिए कुश्ती, उदयपुर के लिए जूडो, टोंक के लिए भारोत्तोलन, करौली के लिए कबड्डी और बीकानेर के लिए साईक्लिंग प्रशिक्षक का साक्षात्कार 4 अगस्त को लिया जाएगा।

**जेईसीआरसी: जया किशोरी ने दिया सक्सेस मंत्र**

# सफलता चाहिए तो सुनो, विचारो और अमल करो

बेधड़क | जयपुर

स्प्रिच्युअल व मोटिवेशनल स्पीकर जया किशोरी ने मंगलवार को स्टूडेंट्स को सफलता का मंत्र दिया। उन्होंने कहा जीवन में सफल होना है तो श्रवण, चिंतन और मनन का पालन कीजिए। श्रवण यानी पहले सुनिए कि लोग क्या कह रहे हैं, क्या सीख देना चाह रहे हैं। फिर उस बात पर अपना चिंतन करिए, आंख बंद करके किसी की बात मत मानिए। फिर आता है मनन, जो बात आपके हिसाब से सही है और जो आपके समाज के लिए सही है उस पर अमल कीजिए, ये गुण आपको सफलता की ओर बढ़ाएगा। जया किशोरी जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी में नए स्टूडेंट्स के लिए आयोजित ओरिएंटेशन प्रोग्राम में स्टूडेंट्स से मुखातिब हुईं। उन्होंने कहा कि जीवन एक लीला है और हम सब इस के किरदार। हमे कोशिश करनी चाहिए की हम अपना किरदार इतना अच्छा निभाएं कि हमारे जाने के बाद भी वह लोगों को याद रह जाए।

कार्यक्रम में मौजूद पेरेंट्स को उन्होंने कहा कि आप अपने बच्चों के सबसे बड़े सपोर्ट सिस्टम बनें क्योंकि उन्हें नीचा दिखाने के लिए बाहर की दुनिया काफी है, आप उनका साथ दीजिए। और, आप सिर्फ अपने बच्चे का नहीं बल्कि देश के भविष्य का निर्माण कर रहे हैं, इसलिए ध्यान दीजिए कि आप उसे क्या सिखा रहे हैं।

उन्होंने 'एक्सेप्टेंस' को सबसे जरूरी बताया, कहा कि जीवन में हर चीज आपके मुताबिक नही हो सकती, इस बात को स्वीकार करना जरूरी है।







### बड़े सपने देखने वाले बदलते हैं दुनिया

ओरिएंटेशन के दूसरे वक्ता लेफ्टिनेंट जनरल सतीश दुआ ने स्टूडेंट्स को कहा कि जो लोग बड़े सपने देखते हैं, वे ही दुनिया बदलते हैं। लोग कहते हैं कि आज का यूथ डिजिटल दुनिया में ज्यादा इन्वॉल्व है उसे असली दुनिया से खास मतलब नहीं है, पर ये भी सच है कि विक्रम बत्रा जैसे लोग जो देश के लिए शहीद होते हैं उनकी उम्र 24 से ज्यादा नहीं। उन्होंने कहा कि जरूरी नहीं कि आप आर्मी में आकर ही देश की सेवा कर सकते हैं, आप बस पूरी मेहनत और शिद्दत से अपना काम करिए इसी से देश की प्रगति होगी। उन्होंने उरी हमले को भी याद किया।



### 6500 स्टूडेंट्स का नया सफर शुरू

राज्य के इस सबसे बड़े ओरिएंटेशन प्रोग्राम में जेईसीआरसी में एडमिशन लेने वाले 6500 स्टूडेंट्स अपने पेरेंट्स के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के साथ जेईसीआरसी चेयरमेन ओपी अग्रवाल और प्रेसिडेंट विक्टर गंभीर ने दीप जलाकर की। अग्रवाल ने कहा कि जेईसीआरसी स्टूडेंट्स को वर्ल्ड क्लास एजुकेशन देने के लिए सस्टेनेबल एफर्ट्स कर रहा है। डॉयरेक्टर स्टूडेंट अफेयर्स धीमांत अग्रवाल ने स्टूडेंट्स को मन लगाकर अपनी ग्रोथ पर काम करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में वाइस चेयरपर्सन अर्पित अग्रवाल और अमित अग्रवाल सहित यूनिवर्सिटी के डीन और फैकल्टी मेंबर्स भी मौजूद रहे।

**एमयूजे में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम**


# फैकल्टी मेंबर्स ने सीखीं मैनेजमेंट शिक्षण तकनीक



बेधड़क | जयपुर

मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर (एमयूजे) के स्कूल ऑफ बिजनेस एंड कॉमर्स की ओर से एमयूजे-टीईसी के सहयोग से 'टीचिंग पैडागोजी एंड इनोवेशन रिसर्च मैथड्स इन मैनेजमेंट' विषय पर पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का ऑनलाइन मोड में आयोजन किया गया। एफडीपी कार्यक्रम में शैक्षणिक और पाठ्यचर्या नवाचार, अनुसंधान पद्धति, व्यवस्थित साहित्य समीक्षा, कारक विश्लेषण और सामग्री विश्लेषण, शीर्ष पत्रिकाओं में प्रकाशन के तरीके और प्रकाशन नैतिकता पर आधारित सात सत्र रखे गए थे। ज्ञान और अनुप्रयोग-आधारित शिक्षा से भरपूर इन सत्रों में वक्ताओं ने विभिन्न शोध और शैक्षणिक सुधारों को साझा किया। इन सत्रों में हैदराबाद यूनिवर्सिटी, आईआईएम शिलांग और कोचीन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के प्रख्यात विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। प्रारंभ में कार्यक्रम का स्वागत भाषण एफडीपी की कन्वीनर डॉ. तनुश्री शर्मा ने दिया। कार्यक्रम की शुरुआत एमयूजे के स्कूल ऑफ बिजनेस एंड कॉमर्स के प्रोवोस्ट और निदेशक कमोडोर डॉ. जवाहर मल जांगिड़ के संबोधन से हुई। कार्यक्रम का समापन इवेंट की को-कन्वीनर डॉ. अल्पा सेठी ने धन्यवाद ज्ञापन कर किया।

## आईसीएचओ में कृष ने जीता गोल्ड, तीन छात्रों को सिल्वर



बेधड़क | जयपुर/कोटा

इंटरनेशन ओलम्पियाड में एक बार फिर भारत का मान बढ़ा है। 55वें इंटरनेशनल कैमेस्ट्री ओलम्पियाड (आईसीएचओ) में भारत के चार स्टूडेंट्स ने मेडल्स जीते हैं। कृष श्रीवास्तव ने ओलम्पियाड में गोल्ड मेडल जीता है। अदिति सिंह, अवनीश बंसल और मलय केड़िया ने सिल्वर मेडल जीते हैं।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक डॉ. बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि 55वें इंटरनेशनल कैमेस्ट्री ओलम्पियाड (आईसीएचओ) का फाइनल स्विट्जरलैंड के शहर ज्यूरिख में 16 से 24 जुलाई तक आयोजित किया गया। इस ओलम्पियाड के फाइनल में चार स्टूडेंट्स की टीम ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। ओलम्पियाड में 87 देशों के 348 स्टूडेंट्स शामिल हुए।

माहेश्वरी ने बताया कि आईसीएचओ के प्रथम चरण एनएसईसी के बाद एलन के 77 स्टूडेंट्स का चयन दूसरे चरण आईएनसीएचओ के लिए हुआ था। जिसके बाद 13 स्टूडेंट्स ओसीएससी कैम्प के लिए चुने गए। यहां से श्रेष्ठ चार विद्यार्थियों का चयन आईसीएचओ की भारतीय टीम के लिए किया गया।

**डिस्कशन** | **MNIT में विशेषज्ञों ने की NEP-2020 पर चर्चा**

# भारत को ग्लोबल नॉलेज पावर बनाएगी नई शिक्षा नीति

बेधड़क | जयपुर

21वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुकूल लचीली, बहु-विषयक शिक्षा के माध्यम से भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने और प्रत्येक छात्र की विशिष्ट क्षमताओं को सामने लाने के उद्देश्य से शुरू की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की तीसरी वर्षगांठ को देखते हुए मंगलवार को एमएनआईटी परिसर में विशेषज्ञों ने चर्चा की। एमएनआईटी निदेशक प्रो. एन पी पाढ़ी, सीबीएसई क्षेत्रीय कार्यालय अजमेर के अवर सचिव मनोज गुप्ता, केंद्रीय विद्यालय संगठन जयपुर के उप आयुक्त बी एल मोरोदिया, नवोदय विद्यालय समिति के उप आयुक्त एन के पटेल, कौशल विकास और उद्यमिता निदेशालय के उपनिदेशक डॉ. योगेश कुमार ने एनईपी के विभिन्न पहलुओं पर वार्ता कर अपना नजरिया साझा किया। प्रारंभ में पत्र सूचना कार्यालय की अपर महानिदेशक रितु शुक्ला ने एनईपी-2020 के इतिहास व आवश्यकता पर प्रकाश डाला।



### स्किल डेवलपमेंट पर फोकस

क्षेत्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता निदेशालय उपनिदेशक डॉ. योगेश कुमार ने बताया कि एनईपी रोजगार योग्यता और कॅरियर उन्नति के लिए कौशल विकास के महत्व को पहचानता है। एमएसडीई ने अपना रोजगार कौशल (ईएस) पाठ्यक्रम भी लॉन्च किया है जिसे अब प्रशिक्षुओं को उद्योग के लिए और अच्छी तरह तैयार करने के लिए संशोधित किया गया है। इसकी अवधि को 1 वर्ष, 2 वर्ष और 6 महीने की अवधि के ट्रेड्स के लिए क्रमशः 120 घंटे, 180 घंटे और 60 घंटे तक संशोधित किया गया है।

### 20 मिलियन बच्चे आएंगे मुख्यधारा में

स्कूली शिक्षा मे एनईपी 2020 की प्रमुख उपलब्धियां बताते हुए क्षेत्रीय सीबीएसई कार्यालय अजमेर के अवर सचिव मनोज गुप्ता, केन्द्रीय विध्यालय संगठन जयपुर के उप-आयुक्त बी एल मोरोदिया और नवोदया विद्यालय समिति के उप-आयुक्त एन के पटेल ने बताया कि हर छात्र की विशिष्ट क्षमताओं को सामने लाना, रटने के बजाय आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देना, सीखने पर ध्यान केंद्रित करना और वैज्ञानिक स्वभाव को प्रोत्साहन देना जैसी विशेषताएं एनईपी में शामिल हैं। एनईपी-2020 स्कूलों में नहीं जाने वाले 20 मिलियन बच्चों को पुन: मुख्य धारा में लाएगी।

### शिक्षा समागम से मिलेगा मंच

एमएनआईटी के निदेशक प्रो. एनपी पाढ़ी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 जुलाई को नई दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की तीसरी वर्षगांठ पर अखिल भारतीय शिक्षा समागम का उद्घाटन करेंगे। 200 स्टॉल्स के साथ मल्टीमीडिया प्रदर्शनियां समारोह का हिस्सा होंगी। समागम के दौरान 16 विषयों पर सत्र आयोजित किए जाएंगे। लगभग 3 हजार प्रतिभागी इस समागम में भाग लेंगे। 2 लाख से अधिक लोग इसमें शामिल होंगे। दो दिवसीय समागम स्कूलों, उच्च शिक्षण संस्थानों और कौशल संस्थानों के विशेषज्ञों को एनईपी-2020 लागू करने में अंतर्दृष्टि, विचार-विमर्श करने और अपनी बातें साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

गरीबी से समृद्धि की राह

# निवेश और यंग सक्सेस का दौर



प्रेम प्रकाश
स्वतंत्र टिप्पणीकार

धन और शिक्षा, ये दो सरोकार ऐसे हैं, जो मानव सभ्यता के विकास के साथ विकास के आधारभूत पैमाने बने। आज दुनियाभर में विकास के जितने भी सूचकांक हैं, उसमें आमदनी और तालीम का मूल्यांकन शामिल है। आज जब भारत अपनी आजादी के 75 वसंत देख चुका है तो यह देखना खासा दिलचस्प है कि देश के साथ उसके वे सूबे कैसे तरक्की कर रहे हैं, जो कभी फिरंगी हुकूमत से लोहा लेने में सबसे आगे थे। 1857 में मेरठ की सैनिक छावनी से उठी चिंगारी ने 1947 आते-आते पूरे देश को तिरंगे के जश्न में शामिल कर लिया। यह एक बड़ी और ऐतिहासिक यात्रा है। आज 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए और इंडिया के बीच जो प्रतिस्पर्धा छिड़ी है, उसमें विकास और संपन्नता का मुद्दा केंद्र में रहे यह मौजूदा सरकार की कोशिश है। इससे वह अपने एक दशक के कार्यकाल को उपलब्धियों को ज्यादा तार्किक आधार पर रख पाने की स्थिति में होंगे और विपक्ष के पास इसका कोई बड़ा तोड़ नहीं होगा।

नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक दो नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे (एनएफएचएस) के पांच साल के अंतराल में 13.5 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं और गरीबों की संख्या में 14.96 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) के रूप में सामने आई इस रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिशा और राजस्थान में गरीबी दर में सबसे तेज कमी देखी गई। यह तथ्य चुनावी दृष्टि से अहम है क्योंकि विपक्ष इन्हीं प्रदेशों में अपनी मजबूती का दावा कर रहा है। नीति आयोग की रिपोर्ट दावा करती है कि भारत की बहुआयामी गरीबी में महत्वपूर्ण गिरावट दर्ज की गई है, जो 2015-16 में 24.85 प्रतिशत से घटकर 2019-21 में 14.96 प्रतिशत हो गई। नीति आयोग का दावा है कि पांच साल में गरीबी 9.89 प्रतिशत घटी है। गरीबी से समृद्धि की यह राह इसलिए भी अहम है क्योंकि यह ग्रामीण भारत में बड़े बदलाव को रेखांकित करता है। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों की संख्या में सबसे अधिक गिरावट आई है। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी 32.59 प्रतिशत से घटकर 19.28 प्रतिशत हो गई, जबकि शहरी क्षेत्रों में गरीबी 8.65 प्रतिशत से घटकर 5.27 प्रतिशत हो गई है।

गौरतलब है पहले मोर्गन स्टेनले की रिपोर्ट ने भारत की सफलता की कहानी बयां की और अब शेयर बाजार से भी इसकी पुष्टि होने लगी है। हाल ही में भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण दिन के कारोबार में पहली बार 292 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। वहीं, गोल्डमैन सैश का कहना है कि सेंसेक्स और निफ्टी में यह तेजी लगातार बनी रहेगी। पूरी दुनिया महंगाई की चपेट में है और विकसित देशों की अर्थव्यवस्था में वृद्धि की रफ्तार भारत की तुलना में कम है। ऐसे में भारतीय बाजार लगातार निवेशकों का पसंदीदा स्थान बना रहेगा। अनुमान है कि मार्च, 2024 तक निफ्टी 20,000 के आंकड़े को पार कर सकता है। भारतीय शेयर बाजार की आर्थिक बेहतरी के इन संकेतों के बीच इस बात पर अलग से ध्यान देने की जरूरत है कि इसमें राज्यों का विनियोग क्या है। इस लिहाज से केंद्र सरकार के विकास रथ को जो राज्य डबल इंजन के जोर पर आगे खींचने में लगे हैं, उनमें सबसे ज्यादा दारोमदार उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात सरकार पर है। ऐसे में अर्थ पंडितों को भी यही लगता है कि गुजरात और महाराष्ट्र से उभरे विकास मॉडल का नया और अपडेटेड वर्जन देश के सामने आने का समय आ गया है। इस दरकार को जो राज्य आगे बढ़कर पूरा करता दिख रहा है, वह देश का सबसे बड़ा सूबा उत्तर प्रदेश है।

> “पहले मोर्गन स्टेनले की रिपोर्ट ने भारत की सफलता की कहानी बयां की और अब शेयर बाजार से भी इसकी पुष्टि होने लगी है। हाल ही में भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण दिन के कारोबार में पहली बार 292 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। वहीं, गोल्डमैन सैश का कहना है कि सेंसेक्स और निफ्टी में यह तेजी लगातार बनी रहेगी। पूरी दुनिया महंगाई की चपेट में है और विकसित देशों की अर्थव्यवस्था में वृद्धि की रफ्तार भारत की तुलना में कम है। ऐसे में भारतीय बाजार लगातार निवेशकों का पसंदीदा स्थान बना रहेगा। अनुमान है कि मार्च, 2024 तक निफ्टी 20,000 के आंकड़े को पार कर सकता है।”




> *कुछ वर्ष पहले तक बीमारू राज्यों में शामिल यूपी आज एक अग्रणी और स्मार्ट नीति के सफल कार्यान्वयन के साथ तेजी से विकास कर रहा है। विकास के साथ चुनावी नजरिए से यूपी की चर्चा अहम है। इस सूबे में अकेले लोकसभा की 80 सीटें हैं। साफ है कि 2024 में केंद्र की सत्ता की चाबी किसके हाथों में होगी, इसे तय करने में इस राज्य की अहम भूमिका होगी। यह राज्य आज देश के जीडीपी में राज्य आठ प्रतिशत से अधिक का योगदान दे रहा है। यूपी सरकार ने आगामी पांच वर्षों में भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में एक ट्रिलियन डॉलर के योगदान का लक्ष्य निर्धारित किया है।*

दिलचस्प है कि कुछ वर्ष पहले तक बीमारू राज्यों में शामिल यूपी आज एक अग्रणी और स्मार्ट नीति के सफल कार्यान्वयन के साथ तेजी से विकास कर रहा है। विकास के साथ चुनावी नजरिए से यूपी की चर्चा अहम है। इस सूबे में अकेले लोकसभा की 80 सीटें हैं। साफ है कि 2024 में केंद्र की सत्ता की चाबी किसके हाथों में होगी, इसे तय करने में इस राज्य की अहम भूमिका होगी। यह राज्य आज देश के जीडीपी में राज्य आठ प्रतिशत से अधिक का योगदान दे रहा है। यूपी सरकार ने आगामी पांच वर्षों में भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में एक ट्रिलियन डॉलर के योगदान का लक्ष्य निर्धारित किया है। यानी, भारत के विकास की इस रेलगाड़ी के लिए देश का सबसे बड़ा सूबा उत्तर प्रदेश ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है।

इस बीच बड़ी खबर यह आई है कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के नीट-यूजी रिजल्ट में इस साल सबसे अधिक यूपी के स्टूडेंट पास हुए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र और राजस्थान का स्थान है। लगभग 20.38 लाख में से कुल 11.45 लाख परीक्षार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। बात संख्या की करें तो यूपी की इस सफलता का वजन और चमक दोनों ज्यादा महूसस होगा। उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 1.39 लाख, महाराष्ट्र में 1.31 लाख और राजस्थान में एक लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र देश के दो सबसे अधिक आबादी वाले राज्य हैं, जबकि राजस्थान भी जनसंख्या के मामले में शीर्ष दस राज्यों में आता है। शीर्ष पांच में केरल और कर्नाटक दो अन्य राज्य हैं, जिनमें से प्रत्येक ने 75,000 से अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। नीट-यूजी देश की बड़ी और प्रतिष्ठित प्रतियोगिता परीक्षा है। यह परीक्षा भारत के बाहर 14 शहरों- आबूधाबी, बैंकॉक, कोलंबो, दोहा, काठमांडू, कुआलालंपुर, लागोस, मनामा, मस्कट, रियाद, शारजाह, सिंगापुर, दुबई और कुवैत सिटी में आयोजित की गई थी। गौरतलब है कि नीट-यूजी के अंकों के आधार पर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाता है। परीक्षा 13 भाषाओं असमिया, बांग्ला, अंग्रेजी, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मलयालम, मराठी, ओडिया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू में आयोजित की गई थी। जिस प्रदेश के युवा अपने प्रोफेशनल शिक्षा और भविष्य को लेकर इतने जागरूक हों, वहां कारोबारी दशा भी साथ के साथ बेहतर होगी, ऐसा मानकर चलने का आज हवाई नहीं बल्कि इसके कई तार्किक आधार हैं।

इस बीच, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) के मुताबिक अप्रैल महीने में शेयर बाजार से जुड़ने वाले नए निवेशकों की संख्या के मामले में उत्तर प्रदेश ने देश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले महाराष्ट्र को भी पीछे छोड़ दिया है। यूपी के 1.26 लाख नए निवेशकों ने शेयर बाजार में कारोबार किया तो वहीं महाराष्ट्र 1.18 लाख के साथ दूसरे नंबर पर रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार के लिए भी यहा बड़ी उपलब्धि है। करीब 20 करोड़ जनसंख्या वाले उत्तर प्रदेश में शेयर बाजार में कारोबार करने की सीमित संस्कृति रही है। इतना ही नहीं साल 2018-19 में वैश्विक महामारी से पहले महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था 25.7 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया गया था। इसकी तुलना में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था का अनुमान 15.8 लाख करोड़ रुपये था। ऐसे में प्रदेश ने परंपरागत रूप से भारत के निवेशकों का सबसे बड़ा स्रोत माने जाने वाले मुंबई को पीछे छोड़ कर नया इतिहास रचा है। साफ है कि विकास और समृद्धि के नए तथ्यों के बीच चुनावी मुद्दे अगर आकार लेते हैं तो एनडीए और इंडिया की भिड़ंत एक नया मोड़ लेगी। निस्संदेह यह मोड़ देश में विकासवादी राजनीति को नई मजबूती देगी।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

व्यंग्य

## ‘चुनाव ऋतु’ की आहट



ललित शर्मा
व्यंग्यकार

भारत बेहद विविधता भरा देश हैं। इस देश को नैसर्गिक रूप से अनेक अनूठी सौगातें मिली हुई हैं। प्रकृति ने इस भूमि को पूरे साल में सर्वाधिक छह ऋतुओं की सौगात दी है। साथ ही एक ऐसी ऋतु की सौगात भी दी है जो पांच साल से आती है। यह ‘चुनाव ऋतु’ है। कुछ सालों से अत्यधिक प्रदूषण के कारण पर्यावरण असंतुलित हैं। जिससे ऋतु क्रम गड़बड़ा गया है। जैसे शीत ऋतु का समय घट गया है, गर्मी का बढ़ गया है। हेमन्त जैसी ऋतु तो गायब ही हो गई है। ठीक उसी तरह देश का राजनीतिक पर्यावरण भी प्रदूषण के कारण असंतुलित हो गया है, जिससे चुनाव ऋतु का क्रम भी अनेक बार गड़बड़ा जाता है और बार-बार चुनाव होने लगे हैं। कभी लोकसभा... विधानसभा... तो कभी पंचायत और पालिका।

वैसे तो चुनाव ऋतु की मियाद करीब तीन माह ही है, मगर इसके स्वागत की तैयारियां कम से कम साल भर पहले से ही शुरू हो जाती हैं। इन तैयारियों के दौर में एक तरफ जहां अनेक ‘मांगीलाल समूह’ (मौका मिलते ही मांगें रखने वाले) सक्रिय हो जाते हैं। वहीं ‘राजा’ भी खुद को दानवीर कर्ण से बड़ा साबित करने में कसर नहीं छोड़ता है। ‘राजा’ की दानवीरता इतनी विशाल हो जाती है कि वह इसके लिए न केवल सरकारी खजाना खाली कर देता है, वरन् कर्ज लेकर भी दान करने से नहीं हिचकता है। इस दौर में ‘राजा’ लोगों को बिना मांगे ही बहुत कुछ दे डालता है। ऐसे में सबसे ज्यादा माल उन पेशेवर ‘मांगीलालों’ के कटोरे में आता है, जो पूरे चार साल से मांगों की लिस्ट बनाते रहते हैं। ये मांगीलाल भी बड़े चतुर सुजान होते हैं। ये ऐसी मांगे रखते हैं, जो एक-चौथाई भी पूरी हो जाए तो बल्ले-बल्ले हो जाती है। अपनी मांगों के लिए मांगीलाल समूह जगह-जगह सभा, धरने व प्रदर्शन के लिए दरियां बिछा देते हैं। इस दौर में मांग पत्र तैयार करने वालों, धरना देने की स्टेमिना रखने वालों, अनशन करने वालों तथा जोश के साथ नारे लगाने में ट्रेंड लोगों की डिमांड परवान पर होती है। प्रदर्शन आदि के लिए दिहाड़ी मजदूरों को लाने वालों का बिजनेस भी इन दिनों में टॉप गियर में होता है।

चुनाव ऋतु के स्वागत में पूरा तंत्र सक्रिय हो उठता है। ऐसा लगने लगता है कि जैसे जागरूकता का ग्राफ टॉप पर पहुंच गया है। देश और समाज के लिए समर्पण का भाव हिलोरें लेने लगता है। गरीबों और वंचितों के हक के लिए नारे गूंजने लगते हैं। जिन्हे देखकर कभी मुंह फेर लिया जाता था, उन्हें गले लगाकर परिवार का सदस्य बताया जाता है।

चुनाव ऋतु के स्वागत की तैयारियों के साथ ही राजनीतिक दलों के आकाओं को कार्यकर्ताओं के सम्मान की चिंता सताने लगती है। जिन कार्यकर्ताओं को पहचानने से इनकार कर दिया जाता था, उनके घरों तक दस्तक देकर उन्हें अल्पकालिक सम्मान के साथ बुलाया जाता है। उन्हें पदों से नवाज दिया जाता है। कान में ‘पीछे की बातें भूलो और आगे बढ़ो’ का मंत्र देकर वफादारी के फायदे गिनाये जाते हैं।

दोस्तों, यह दौर भी चुनाव ऋतु के स्वागत का है। स्वागत के लटकों-झटकों को एंजोय कीजिये..., मुस्कुराइये..., सौगातों का फायदा लीजिये और चुनाव के बाद अपनी जेब से ही इनका ब्याज सहित भुगतान का इंतजाम रखिये।



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
वन के नए मेहमान, स्वागत करे राजस्थान, रणथंभौर के वन से बाघ के 3 नए शावकों के जन्म का सुखद समाचार प्राप्त हुआ।



**वसुंधरा राजे, पूर्व** मुख्यमंत्री
@VasundharaRaje
कई बार खरगोश सोया रह जाता है और कछुआ आगे निकल जाता है, इसलिए सब कार्यकर्ता भागीरथ बन कर दुष्टों की इस सरकार को भगाने में जुट जाओ।



**अरविंद केजरीवाल,** मुख्यमंत्री दिल्ली
@ArvindKejriwal
प्रधानमंत्री को भारत से इतनी नफरत क्यों है?



**अरुण गोविल,** अभिनेता
@arungovil12
अपनी तुलना किसी और से नहीं करनी चाहिए, यदि आप ऐसा करते हैं तो अपना अपमान करते हैं।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
सबसे अच्छी बात जो आप अपने बच्चों के लिए कर सकते हैं वह यह सुनिश्चित करना है कि उन्हें घर पर कभी गुस्सा, डर या संघर्ष न देखने को मिले। उन्हें आनंद और प्रेम के माहौल में बड़ा होने दें।



**जया किशोरी (वक्ता),** आध्यात्मिक मार्गदर्शक
@iamjayakishori
आपके जीवन का हर पल सीखने के लिए एक अनुभव है, इसे संजोकर रखें क्योंकि अनुभवों का यह खजाना आपको विशिष्ट बनाएगा।

**नॉलेज कॉर्नर:** संक्रमण से बचने के लिए अब तक नहीं बनी कोई दवा

# जुकाम के लिए जिम्मेदार 200 से अधिक वायरस

व्यक्ति को खुश रहने के लिए सबसे अधिक जरूरी है, उसका निरोगी व स्वस्थ होना। लेकिन जरा सी बीमारी या थकान के कारण हम असहज महसूस करने लगते हैं। ऐसे में न तो कहीं बाहर जाने का मन करता है ना ही किसी प्रकार का कार्य करने का दिल चाहता है। बात करें मौसमी बीमरियों की तो ऋतु परिवर्तन के साथ खांसी, जुकाम और बुखार जैसी आम बीमारियां होना लाजमी हैं। इनमें जुकाम ऐसी बीमारी है, जिसका कोई पुख्ता इलाज नहीं है, न ही इसकी अवधि का ज्ञान हो पाता है। यह तीन दिन से लेकर 3 सप्ताह तक बनी रहती है। दरअसल जुकाम की स्थिति में श्वसन तंत्र प्रभावित हो जाता है, ऐसे में श्वास लेने में भी तकलीफ महसूस होती है। आखिर जुकाम के क्या कारण हो सकते हैं, तथा इसके निदान क्या है, इसके बारे में जानेंगे आज के कॉर्नर में...

### इन वायरस से होती है जुकाम

जुकाम को कई नामों से भी जाना जाता है, जैसै- नैसोफेरिंजाइटिस, राइनोफेरिंजाइटिस, अत्यधिक नजला या जुकाम। यह रोग मानव शरीर में ऊपरी श्वसन तंत्र में फैलता है। यह संक्रामक रोग है, जो कि अधिकाशतः नासिका (नाक) को प्रभावित करता है। जुकाम के लिए दो सौ से अधिक वायरस जिम्मेदार है। राइनोवायरस इसके लिए सबसे आम कारण है। यह व्यक्ति को सबसे अधिक होने वाला संक्रामक रोग है, जो कि प्रत्येक व्यक्ति को औसतन वर्ष में



दो से तीन बार होता है। यह संक्रमण प्राचीन काल से मनुष्यों में होता आ रहा है। बच्चों में जुकाम के समय 35 से 40 प्रतिशत मामलों में होने वाली खांसी दस से अधिक दिनों तक बनी रहती है। यह ऐसी बीमारी है जिसकी अभी तक कोई दवा, जड़ी-बूटी या औषधि नहीं बनी है। इससे निदान पाने के लिए मरीज को खूब आराम करने, शरीर में जलयोजन बनाए रखने के लिए द्रव पदार्थ लेने तथा हल्के गर्म पानी का सेवन करने की सलाह दी जाती है।

### क्या है इसके लक्षण

जुकाम के लक्षणों की बात करें तो, इसमें सबसे पहले खांसी, गले की खराश, नाक से स्राव होना और बुखार शामिल है। इसके लक्षण सामान्य तौर पर सात से दस दिन के अंदर समाप्त हो जाते हैं। लेकिन कभी-कभी लक्षण तीन सप्ताह तक भी बने रहते हैं। इसका तीव्र संक्रमण नाक, साइनस तथा गले को सबसे ज्यादा प्रभावित करता है। इसके आम लक्षणों में खांसी, नाक बहना, श्वास लेने में तकलीफ होना तथा गले की खराश, मांसपेशियों का दर्द तथा थकान महसूस होना शामिल हैं। चिकित्सक जुकाम से बनने वाले बलगम के रंग से पता लगा सकते हैं कि संक्रमण जीवाणु द्वारा फैला है या विषाणु द्वारा।

### ऐसे करें बीमारी का निदान

*यूं तो सामान्य जुकाम का कोई पुख्ता इलाज नहीं है, मगर इसके लक्षणों का उपचार किया जाना संभव है। जुकाम के संक्रमण को रोकने के लिए समय-समय पर हाथ धोना चाहिए। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर जाते समय मास्क पहनने को प्राथमिकता देना फायदेमंद साबित होता है।*

कंटेंट: सुप्रिया सरकार

J&K विधानसभा में प्रवासियों व पीओके विस्थापितों के लिए आरक्षण के प्रस्ताव पर रार

# सदस्यों को मनोनीत करने की शक्ति उपराज्यपाल को देने का विरोध

**एजेंसी** | श्रीनगर

नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने कहा है कि उन्हें कश्मीरी प्रवासियों और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के विस्थापित लोगों को विधानसभा में आरक्षण देने से कोई परेशानी नहीं है, लेकिन जिस तरह से उनके लिए आरक्षण की व्यवस्था की जा रही है, उससे वे असहमत हैं।

दोनों दलों ने कहा कि विधानसभा में आरक्षित सीटों के लिए सदस्यों को मनोनीत करने की शक्ति निर्वाचित सरकार के पास होनी चाहिए न कि उपराज्यपाल (एलजी) के पास। केंद्र शासित प्रदेश की विधानसभा में कश्मीरी प्रवासियों के लिए दो सीटें और पीओके के विस्थापितों के लिए एक सीट आरक्षित करने के लिए केंद्र जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम में संशोधन करने के लिए संसद में एक विधेयक पेश करने की योजना बना रहा है। नेकां के प्रवक्ता तनवीर सादिक ने कहा, हमें ऐसे समुदायों को आरक्षण देने में कोई समस्या नहीं है जिनका प्रतिनिधित्व नहीं है। उच्च सदन का यही विचार था कि ऐसे सभी समुदायों का प्रतिनिधित्व हो और इसके मुताबिक, उच्च सदन में पहाड़ी, गुज्जर, कश्मीरी पंडित या किसी अन्य समुदाय के लिए सीटें आरक्षित की गईं। लेकिन इस पुनर्गठन अधिनियम ने उसे भी खत्म कर दिया।





दूसरा मुद्दा यह है कि उपराज्यपाल केंद्र द्वारा नियुक्त व्यक्ति हैं और उनके पास विधानसभा में सदस्यों को मनोनीत करने की शक्तियां नहीं हैं।

### उपराज्यपाल द्वारा मनोनयन अस्वीकार्य: नेशनल कॉन्फ्रेंस

नेकां के प्रवक्ता सादिक ने कहा कि दिल्ली से नियुक्त उपराज्यपाल दो सीटों के लिए सदस्यों को मनोनीत करेंगे, यह लोकतंत्र में अस्वीकार्य है। पहले भी जब महिलाओं के लिए दो सीटें आरक्षित होती थीं तो निर्वाचित सरकार की मंजूरी के बाद ही उन्हें मनोनीत किया जाता था। भाजपा अपने 'पापों को छुपाने' की कोशिश कर रही है। उन्हें समझ आ गया है कि आने वाले चुनाव में उनकी संभावनाएं अच्छी नहीं हैं।

### प्रस्तावित आरक्षण से दोनों समुदायों में बढ़ेगा अविश्वास

पीडीपी प्रवक्ता मोहित भान ने कहा कि प्रस्तावित आरक्षण से दोनों समुदायों के बीच अविश्वास और गहरा होगा। जहां तक कश्मीरी पंडितों को आरक्षण का सवाल है, वे विस्थापित हैं और समुदायों के बीच अविश्वास और असुरक्षा की भावना है। इसका समाधान करने के लिए एक बड़े राजनीतिक दृष्टिकोण की जरूरत है। पहले भी विधानसभा में मनोनीत सदस्य होते थे, लेकिन मनोनीत करने की शक्ति अब उपराज्यपाल को दी गई है। बेहतर होता कि कुछ सीटें आरक्षित कर दी जातीं और वहां से प्रतिनिधि चुना जाता। यह कश्मीरी पंडितों की वापसी के लिए एक बड़ा मंच तैयार करेगा।

### मनोनीत प्रणाली विश्वास की कमी को बढ़ाएगी

भान ने कहा, मुफ्ती मोहम्मद सईद ने अपना पहला चुनाव आर एस पुरा से जीता और पी एल हांडू और एम एल फोतेदार जैसे नेता मुस्लिम बहुल क्षेत्रों से चुने गए। इसने सभी के लिए एक बड़ा स्थान बनाया। यह मनोनीत प्रणाली विश्वास की कमी को ही बढ़ाएगी, कम नहीं करेगी। सादिक और भान दोनों ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम में संशोधन देश के संविधान की भावना के अनुरूप नहीं है और पुनर्गठन अधिनियम को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई है।

### पंजाब: कांग्रेस नेता अश्वनी सेखड़ी भाजपा में शामिल



**चंडीगढ़।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक अश्वनी सेखड़ी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ की मौजूदगी में मंगलवार को यहां पार्टी में शामिल हो गए। दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करने और पार्टी में शामिल होने का इरादा जताने के कुछ दिनों बाद सेखड़ी भाजपा से जुड़े गए। सेखड़ी 1985, 2002 और 2012 में तीन बार बटाला विधानसभा सीट से विधायक रह चुके हैं। उन्होंने 2002 से 2007 के बीच अमरिंदर सिंह नीत तत्कालीन सरकार में मंत्री पद भी संभाला। सेखड़ी ने 16 जुलाई को दिल्ली में शाह से मुलाकात की थी, जिसके बाद उनके भाजपा में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही थीं।

### त्रिपुरा: TMC प्रदेश अध्यक्ष पीयूष का पार्टी से इस्तीफा



**अगरतला।** तृणमूल कांग्रेस की त्रिपुरा इकाई के अध्यक्ष पीयूष कांति बिश्वास ने मंगलवार को अपने पद के साथ-साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया। बिश्वास ने अपने इस्तीफे में कोई कारण नहीं बताया है लेकिन बाद में संवाददाताओं से कहा कि उनके इस कदम की वजह 'निजी' है। बिश्वास को इस साल फरवरी में हुए राज्य विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया था। पार्टी का राज्य विधानसभा चुनाव में निराशाजनक प्रदर्शन रहा और 28 सीटों पर किस्मत आजमाने वाली पार्टी के उम्मीदवारों में से एक को भी सफलता नहीं मिली।

सहकारी समितियां संशोधन विधेयक- 2022 को लोस की मंजूरी

# दीपावली तक देश में नई सहकारी नीति लाएगी सरकार: अमित शाह

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि सरकार दीपावली तक देश में नई सहकारी नीति लेकर आएगी जो आने वाले 25 वर्षों के लिए सहकारिता का मानचित्र प्रस्तुत करेगी।

लोकसभा में मणिपुर के मुद्दे पर नारेबाजी कर रहे विपक्षी दलों के सदस्यों के शोर-शराबे के बीच बहु राज्य सहकारी समितियां संशोधन विधेयक, 2022 पर हुई संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए सहकारिता मंत्री अमित शाह ने यह बात कही। शाह के जवाब के बाद सदन ने शोर-शराबे के बीच ही ध्वनिमत से विधेयक को मंजूरी दे दी। इससे पहले शाह ने कहा कि वर्ष 2003 के बाद से देश में कोई सहकारी नीति नहीं आई। विजयादशमी या ज्यादा से ज्यादा दीपावली तक हम नई सहकारी नीति लेकर आएंगे।

चर्चा के जवाब में सहकारिता मंत्री ने कहा, बहु राज्यीय सहकारी संघ केंद्र सरकार का विषय है... इसमें जवाबदेही, पारदर्शिता और मुनाफा बढ़े, इसलिए यह विधेयक लाया गया है। इस विधयक के पारित होने के साथ सहकारिता आंदोलन में बड़े युग का परिवर्तन होगा। इस विधेयक को 20 दिसंबर, 2022 को संसद की एक संयुक्त समिति के पास भेजा गया था और समिति ने विधेयक के अधिकांश प्रावधानों पर सहमति जताते हुए 15 मार्च, 2023 को अपनी रिपोर्ट पेश की।



### राष्ट्रीय डाटा बेस का 95 प्रतिशत काम पूरा

सहकारिता मंत्री ने यह भी कहा कि देश में सहकारी संस्थानों से जुड़ा कोई एकीकृत डाटाबेस नहीं था, ऐसे में मौजूदा संस्थानों और जहां पर सहकारी संस्थान नहीं है, उनका एक राष्ट्रीय डाटाबेस तैयार करने का काम शुरू हो गया है। इसका 95 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है और विजयादशमी के दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों इसे ऑनलाइन जारी किया जाएगा।

### पांच करोड़ से अधिक मनरेगा कार्ड रद्द

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को लोकसभा में बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत 2022-23 में पांच करोड़ से अधिक जॉब कार्ड रद्द किए गए, जो 2021-22 में हटाए गए रोजगार कार्डों की संख्या की तुलना में 247 प्रतिशत अधिक हैं। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि 2021-22 में 1,49,51,247 मनरेगा रोजगार कार्ड हटा दिए गए थे, जबकि 2022-23 में 5,18,91,168 रोजगार कार्ड रद्द किए गए। पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना उन राज्यों में शामिल हैं, जहां सबसे ज्यादा कार्ड रद्द किए गए हैं।

### छत्तीसगढ़: अनु. जनजाति विधेयक पारित

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ में धनुहार, धनुवार, किसान, सौंरा, साओंरा और बिंझिया समुदायों को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने के प्रस्ताव वाले संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (पांचवां संशोधन) विधेयक, 2022 को मंजूरी दे दी। राज्यसभा में इस विधेयक को चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित किया गया। चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री मुंडा ने कहा कि संशोधन विधेयक लाया गया है इनमें 12 आदिवासी जातियां और इनकी संख्या 72 हजार के करीब है।

तेलंगाना: सत्तारूढ़ दल को झटका

## BRS विधायक वेंकटेश्वर राव का चुनाव रद्द किया

**एजेंसी** | हैदराबाद

तेलंगाना उच्च न्यायालय ने कोठागुडेम विधानसभा क्षेत्र से सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति के विधायक वनमा वेंकटेश्वर राव का चुनाव मंगलवार को रद्द कर दिया। जलगम वेंकट राव के वकील रमेश कुथुम्बका के अनुसार अदालत ने वनमा वेंकटेश्वर राव पर पांच लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। न्यायाधीश जी राधा रानी ने पूर्व विधायक जलगम वेंकट राव की चुनाव याचिका (ईपी) को स्वीकार करते हुए यह आदेश पारित किया। याचिका में कोठागुडेम विधानसभा सीट से विधायक के रूप में वनमा वेंकटेश्वर राव के चुनाव को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि वनमा वेंकटेश्वर राव ने अपने चुनावी हलफनामे में अपनी और अपने परिवार की कृषि भूमि के संबंध में कुछ तथ्य छिपाए थे।

वेंकटेश्वर राव 2018 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर कोठागुडेम से जीते थे और बाद में वह बीआरएस (तब टीआरएस) में शामिल हो गए थे। तमाम कोशिशों के बावजूद अदालत के इस फैसले पर वनमा वेंकटेश्वर राव से उनकी टिप्पणी के लिए संपर्क नहीं हो सका।

### भाजपा का 'आप' के खिलाफ प्रदर्शन



*नई दिल्ली। भाजपा की दिल्ली इकाई ने मंगलवार को नई दिल्ली में आम आदमी पार्टी के कार्यालय के पास विरोध प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की। भाजपा ने केजरीवाल सरकार के सभी मोर्चों पर विफल होने का आरोप लगाया। -पीटीआई*

मायावती ने दिया संकेत

## चार राज्यों में चुनाव बाद सरकार में शामिल हो सकती है बसपा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

बसपा नेता मायावती ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और तेलंगाना जैसे राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के बाद सरकारों में शामिल होने पर विचार करेगी ताकि 'सत्ता संतुलन' और हाशिये पर रह रहे लोगों का उत्थान सुनिश्चित किया जा सके। यहां एक समीक्षा बैठक में मायावती ने कहा कि चार राज्यों में कमजोर वर्गों और मुसलमानों की बेहतरी के लिए यह महत्वपूर्ण है कि एक मजबूत और अहंकारी सरकार के बजाय एक गठबंधन सरकार सत्ता में हो जो लोगों के कल्याण के लिए काम करेने के लिए बाध्य हो। जारी बयान में मायावती ने कहा कि अपनी उपस्थिति से बसपा ने कई राज्यों में सत्ता संतुलन स्थापित किया जिसकी वजह से दलित समुदाय का राजनीतिक सम्मान बढ़ा। उन्होंने कहा, लेकिन स्वार्थी लोगों ने समाज के बजाय अपने हितों को प्राथमिकता दी और जातिवादी पार्टियों के साथ चले गए। इस साल अक्टूबर-नवंबर में राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के साथ ही मिजोरम में विधानसभा चुनाव होने की उम्मीद है।



### लोकसभा के चुनावों पर नजर

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार मायावती की नजर अगामी लोकसभा पर टिकी है। हालांकि वह विपक्षी दलों के एकता प्रयासों से फिलहाल दूर हैं। बसपा को उसके मुख्य प्रभाव क्षेत्र उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव में लगातार हार का सामना करना पड़ा है। अब इन चार राज्यों में विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन बसपा के लिए जरूरी हो गया है। मायावती की कोशिश यह है कि लोकसभा चुनाव से पहले जहां उत्तर प्रदेश में पार्टी को मजबूती मिल जाए तो वहीं अन्य राज्यों में भी ग्राफ थोड़ा ऊपर चला जाए। इसके लिए बसपा सुप्रीमो लगातार पार्टी के अन्य राज्यों के पदाधिकारियों की बैठक कर रही हैं।

## कांग्रेस के भीतर किसी भी असंतोष से इनकार

**एजेंसी** | हुब्बाली/बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने सत्तारूढ़ कांग्रेस के भीतर किसी प्रकार का असंतोष होने से इनकार किया है। सिद्धरमैया और शिवकुमार का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब ऐसी खबरें आ रही हैं कि 30 से अधिक विधायकों ने अपने निर्वाचन क्षेत्रों में विकास कार्यों का कार्यान्वयन न होने पर चिंता व्यक्त की है। दोनों नेताओं ने कहा कि इस तरह की कोई शिकायत नहीं आई है। सिद्धरमैया और शिवकुमार ने कहा कि सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों और नीतियों पर चर्चा करने तथा सरकार और पार्टी विधायकों के बीच समन्वय सुनिश्चित करने के लिए एक नियमित अभ्यास के हिस्से के रूप में गुरुवार को विधायक दल की बैठक बुलाई गई है। सिद्धरमैया ने कहा, हम वहां इस पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा, सरकार बने अभी दो महीने ही हुए हैं। विधायक दल की बैठक बुलानी ही थी इसलिए मैंने बुलाई। मंत्रियों के खिलाफ कोई शिकायत नहीं है।



भाजपा- जनतादल (एस) के बीच करीबी बढ़ने पर रार

# अगला लोकसभा चुनाव अपने दम पर लड़ेगा जनता दल (एस): देवेगौड़ा

**एजेंसी** | बेंगलुरु

जनता दल (सेक्युलर) प्रमुख एवं पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव अपने दम पर लड़ेगी। दूसरी ओर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने मंगलवार को दावा किया कि भाजपा और जनता दल (सेकुलर) 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ने के लिए बातचीत कर रही हैं।

देवेगौड़ा ने मंगलवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि पार्टी मौजूदा स्थिति के आधार पर भविष्य के अपने कदम को लेकर फैसला करेगी। देवेगौड़ा ने हालांकि जद (एस) और भाजपा के बीच हाल में दिखी नजदीकियों के बीच विकल्प खुले रखने का एक तरह से संकेत दिया। उल्लेखनीय है कि देवेगौड़ा के पुत्र एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने पिछले सप्ताह कहा था कि उनकी पार्टी विभिन्न मामलों को लेकर राज्य में कांग्रेस की सरकार के खिलाफ भाजपा के साथ मिलकर काम करेगी। इसी के साथ अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा और जद (एस) के हाथ मिलाने की अटकलें लगाई जाने लगी थीं।



### कर्नाटक: 2019 के लोकसभा चुनाव एक नजर में

- (जद (एस) और कांग्रेस ने मिलकर लड़ा था चुनाव)
- 28 लोकसभा सीटें हैं कर्नाटक में
- 25 सीटों पर विजयी हुई थी भाजपा
- 1-1 सीट पर जीती थी जद (एस) व कांग्रेस
- 1 सीट पर भाजपा समर्थित निर्दलीय रहा विजयी

### जहां मजबूत हैं, वहीं लड़ेंगे चुनाव

देवेगौड़ा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, भले ही हम पांच, छह, तीन, दो या एक ही सीट जीतें, लेकिन हम लोकसभा चुनाव अपने दम पर लड़ेंगे। हम अपने कार्यकर्ताओं से विचार-विमर्श करने के बाद लोकसभा चुनाव में केवल उन क्षेत्रों में उम्मीदवार उतारेंगे, जहां हम मजबूत हैं। हालांकि, देवेगौड़ा ने कहा कि पार्टी मौजूदा स्थिति के आधार पर अपनी भविष्य की रणनीति तय करेगी। इस संदर्भ में, उन्होंने याद किया कि कैसे उनकी पार्टी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस-नीत सरकार को समर्थन दिया था।

### कांग्रेस नेताओं ने किया था विरोध

बेंगलुरु में 17 जुलाई को हुई विपक्षी दलों की बैठक के उन्हें आमंत्रित नहीं किए जाने के सवाल पर देवेगौड़ा ने कहा कि राज्य के कांग्रेस नेताओं के एक वर्ग ने उनकी उपस्थिति का विरोध किया था। यहां कांग्रेस के एक वर्ग ने धमकी दी थी कि अगर देवेगौड़ा को आमंत्रित किया गया तो वे कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। इसलिए, मुझे नहीं बुलाया गया। देवेगौड़ा ने कहा कि नीतीश कुमार उन्हें आमंत्रित करना चाहते थे लेकिन कांग्रेस के कुछ स्थानीय नेता इसके पक्ष में नहीं थे।

### BJP व जद(एस) में मिलकर चुनाव लड़ने पर बातचीत: सिद्धारमैया

**हुबली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने मंगलवार को दावा किया कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ने के लिए भाजपा और जनता दल (सेकुलर) बातचीत कर रही हैं। उन्होंने साथ ही दावा किया कि भले वे एकसाथ चुनाव लड़े या नहीं लड़े, कांग्रेस निश्चित तौर पर राज्य की 15 से 20 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी। कर्नाटक में 28 लोकसभा सीटें हैं। सिद्धारमैया ने भाजपा और जद(एस) के एकजुट होने की संभावना के सवाल के जवाब में कहा, मुझे इस चर्चा की ज्यादा जानकारी नहीं है। अगर वे एकजुट होते हैं तो भी हमें चिंतित होने की जरूरत नहीं है। ज्ञात रहे कि जद (एस) नेता एचडी कुमारस्वामी ने 21 जुलाई को कहा था कि उनकी पार्टी ने राज्य के हित में विपक्ष के रूप में भाजपा के साथ मिलकर काम करने का फैसला किया है।


## जरूरी खबर

### ज्ञानवापी मामले में आज सुनवाई करेगा हाई कोर्ट



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर के एएसआई द्वारा सर्वेक्षण के खिलाफ अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी की अपील पर बुधवार को अगली सुनवाई करेगा। कमेटी ने मंगलवार को हाई कोर्ट में याचिका दायर कर 21 जुलाई के वाराणसी की जिला अदालत के आदेश को चुनौती दी है। जिला अदालत ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण करने का आदेश दिया था। कमेटी के वकील एसएफए नकवी ने मुख्य न्यायाधीश प्रितिंकर दिवाकर की अदालत में इस मामले में जल्द सुनवाई करने का यह कहते हुए आग्रह किया कि सुप्रीम कोर्ट का 24 जुलाई का आदेश बुधवार शाम पांच बजे तक ही प्रभावी है।

### सिमी पर प्रतिबंध मामले में तत्काल सुनवाई से इनकार



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर प्रतिबंध के खिलाफ दायर याचिकाओं की तत्काल सुनवाई का अनुरोध मंगलवार को ठुकरा दिया। न्यायाधीश एस. के. कौल और न्यायाधीश सुधांशु धूलिया की पीठ ने मामले को सूचीबद्ध करने का आग्रह करने वाले अधिकवक्ता को संविधान के अनुच्छेद-370 के मुद्दे पर सुनवाई पूरी होने के बाद शीर्ष अदालत का रुख करने का निर्देश दिया। अधिवक्ता ने पीठ से कहा कि मामला 18 जनवरी को सुनवाई के लिए आया था और इसे तब से सूचीबद्ध नहीं किया गया है।

### हरियाणा: कांग्रेस विधायक के परिसरों पर छापे

**नई दिल्ली/ गुरुग्राम।** प्रवर्तन निदेशालय ने रियल एस्टेट धोखाधड़ी से संबंधित धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में हरियाणा में कांग्रेस के विधायक धर्म सिंह छोकर और उनके परिवार से जुड़े विभिन्न परिसरों पर मंगलवार को छापे मारे। छोकर राज्य के पानीपत जिले की समालखा सीट से विधायक हैं। सूत्रों ने बताया कि ईडी के जांचकर्ताओं ने पानीपत, गुरुग्राम और हिसार में विधायक और उनके बेटे के कई ठिकानों पर छापे मारे। बताया जा रहा है कि उनका छोटा बेटा एक रियल एस्टेट कंपनी में प्रमोटर है।

## एकजुटता... मणिपुर हिंसा के खिलाफ मिजोरम में रैली... सीएम हुए शामिल



*आइजोल। जातीय हिंसा से जूझ रहे मणिपुर में 'जो' समुदाय के प्रति एकजुटता व्यक्त करने के लिए मिजोरम में हजारों लोगों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। सेंट्रल यंग मिजो एसोसिएशन और 'मिजो जिरलाई पावल सहित पांच प्रमुख नागरिक संस्थाओं के समूह एनजीओ को-ऑर्डिनेशन कमेटी ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में रैलियां आयोजित कीं। मुख्यमंत्री जोरमथंगा, उपमुख्यमंत्री तावंलुइया, मंत्रियों एवं राज्य के विभिन्न दलों के विधायकों ने आइजोल में बड़े पैमाने पर हुई प्रदर्शन रैली में भाग लिया। -पीटीआई*

## महिला को निर्वस्त्र घुमाने के मामले में एक और गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को थौबल जिले से सोमवार शाम गिरफ्तार किया गया। इस मामले में अब तक कुल सात आरोपियों को पकड़ा जा चुका है।

**म्यांमार में हत्या का वीडियो दिखाया:** पड़ोसी देश म्यांमार में एक महिला की हत्या को मणिपुर की घटना के रूप में दिखाने का मामला सामने आया है। पुलिस संबंधित वीडियो प्रसारित करने के आरोपियों को पकड़ने के प्रयास कर रही हैं। इस वीडियो में म्यांमार में हथियारबंद लोग एक महिला की हत्या करते दिख रहे हैं।

**पीड़ित महिलाओं से मिली मालीवाल:** दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने मणिपुर दौरे में यौन उत्पीड़न पीडित महिलाओं से मुलाकात की। मालीवाल ने मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के इस्तीफे की मांग की और पूछा कि जब वह इतनी दूर आकर यौन उत्पीड़न की शिकार महिलाओं से मुलाकात कर सकती हैं तो मुख्यमंत्री उन पीड़िताओं से क्यों नहीं मिल सके।

**ब्रॉडबैंड इंटरनेट:** मणिपुर सरकार ने मंगलवार को ब्रॉडबैंड इंटरनेट पर लगे प्रतिबंध को सशर्त आंशिक रूप से हटाने की घोषणा की।

### ईस्ट इंडिया कंपनी, इंडियन मुजाहिदीन जैसे नामों को लेकर PM का प्रहार

# विपक्ष का नया गठबंधन इंडिया दिशाहीन, भ्रष्ट नेताओं का समूह

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) को देश का अब तक का सबसे 'दिशाहीन' गठबंधन करार दिया और ईस्ट इंडिया कंपनी तथा इंडियन मुजाहिदीन जैसे नामों का हवाला देते हुए कहा कि केवल देश के नाम के इस्तेमाल से लोगों को गुमराह नहीं किया जा सकता।

प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा संसदीय दल की बैठक में यह बात कही। बैठक में मौजूद कई सूत्रों ने कहा कि मोदी ने संसद में जारी गतिरोध के बीच विपक्ष की आलोचना की। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री ने देश के नाम का इस्तेमाल करने वाले कुछ प्रतिबंधित चरमपंथी और आतंकवादी संगठनों सहित कुछ अन्य संगठनों के इतिहास का हवाला दिया और समूह को भ्रष्ट नेताओं और पार्टियों का गठबंधन बताया।



### कांग्रेस एक अंग्रेज ने बनाई...ईस्ट इंडिया कंपनी भी अंग्रेजों ने ही बनाई

पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया, प्रधानमंत्री ने एक बहुत बड़ी टिप्पणी की। इंडियन नेशनल कांग्रेस एक अंग्रेज ने बनाई थी। ईस्ट इंडिया कंपनी भी अंग्रेजों ने बनाई थी। आज कल लोग इंडियन मुजाहिद्दीन और इंडियन पीपुल्स फ्रंट भी नाम रखते हैं... तो चेहरे पर चेहरे चढ़ा लेते हैं, सच्चाई कुछ और है। भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी ने प्रधानमंत्री के हवाले से कहा कि जो लोग देश को तोड़ना चाहते हैं, उनके पास भी ईस्ट इंडिया कंपनी और इंडियन मुजाहिदीन जैसे नाम हैं, लेकिन लोग इन हथकंडों से गुमराह नहीं होंगे। केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री ने विपक्ष के 'हताश और निराश' व्यवहार का उल्लेख किया और कहा कि उसके इस रुख से यह दिखाई पड़ता है कि उसने आने वाले कई वर्षों तक विपक्ष में रहने का निर्णय लिया है।

### राहुल गांधी बोले... मणिपुर में भारत की अवधारणा का पुनर्निर्माण करेगा इंडिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) पर निशाना साधे जाने के बाद मंगलवार को उन पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री इस गठबंधन को लेकर कुछ भी कहें, लेकिन यह 'इंडिया' है, जो मणिपुर को मरहम लगाने तथा हर महिला और बच्चे के आंसू पोंछने में मदद करेगा। यह विपक्षी गठबंधन मणिपुर में भारत की अवधारणा का पुनर्निर्माण करेगा। राहुल गांधी ने ट्वीट में कहा, 'मोदी जी, आप हमें जो चाहें संबोधित कर लें। हम 'इंडिया' हैं। हम मणिपुर के सभी लोगों के जीवन में प्यार और शांति वापस लाएंगे।

### पीएम विपक्षी गठबंधन से परेशान, वह 'इंडिया' से नफरत करने लगे हैं: कांग्रेस

कांग्रेस ने पीएम मोदी पर आरोप लगाया कि वह इस गठबंधन से बहुत परेशान हैं और विरोध करते-करते 'इंडिया' से ही नफरत करने लगे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ट्वीट कर कहा, मणिपुर की बात हम कर रहें हैं, प्रधानमंत्री जी सदन के बाहर 'इंडिया' को 'ईस्ट इंडिया कंपनी' बोल रहें हैं! कांग्रेस पार्टी हमेशा 'मदर इंडिया' यानी 'भारत माता' के साथ रही है।" उन्होंने दावा किया, अंग्रेज़ों के गुलाम तो भाजपा के राजनीतिक पूर्वज ही थे। प्रधानमंत्री जी, अपनी ऊल-जुलूल बयानबाज़ी से देश का ध्यान भटकाना बंद कीजिये।" पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट कर कहा, यह स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री 26 दलों वाले गठबंधन 'इंडिया' से बहुत परेशान हैं।


### मौजूदा संसद सत्र में होगा पेश

## दिल्ली सेवा संबंधी विधेयक को मंजूरी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने समझा जाता है कि दिल्ली में समूह-ए संवर्ग के अधिकारियों की नियुक्ति और स्थानांतरण को सुगम बनाने के लिए एक प्राधिकार गठित करने के प्रावधान वाले विधेयक को मंगलवार को मंजूरी प्रदान कर दी। यह विधेयक संबंधित अध्यादेश का स्थान लेगा। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में विधेयक को मंजूरी दी गई।

समझा जाता है कि मानसूत्र सत्र में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार संशोधन विधेयक पेश किया जा सकता है। कोई भी अध्यादेश राष्ट्रपति केंद्रीय मंत्रिमंडल की सिफारिश पर तब जारी करते हैं जब संसद सत्र नहीं होता है। ऐसे में यह जरूरी होता है कि संसद उक्त अध्यादेश के स्थान पर कानून को अगला सत्र शुरू होने के छह सप्ताह के भीतर अंगीकार करे। विवादस्पद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार संशोधन अध्यादेश केंद्र सरकार द्वारा 19 मई को जारी किया गया



था। इससे एक सप्ताह पहले उच्चतम न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार को सेवा से जुड़े मामलों का नियंत्रण प्रदान कर दिया था हालांकि उसे पुलिस, सार्वजनिक व्यवस्था और भूमि से जुड़े विषय नहीं दिए गए। दिल्ली की आम आदमी पार्टी ने इस अध्यादेश का पुरजोर विरोध किया है। शीर्ष अदालत के 11 मई के फैसले से पहले दिल्ली सरकार के सभी अधिकारियों के स्थानांतरण और तैनाती उपराज्यपाल के कार्यकारी नियंत्रण में थे। इस अध्यादेश में कहा गया है कि राष्ट्रीय राजधानी लोक सेवा प्रधिकरण नाम का एक प्राधिकरण होगा, जो उसे प्रदान की गई शक्तियों का उपयोग करेगा और उसे सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन करेगा।

### अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दे सकते हैं विपक्षी दल

## मसौदा तैयार, हस्ताक्षर की प्रक्रिया जारी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

मणिपर हिंसा के मुद्दे को लेकर संसद में जारी गतिरोध के बीच विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दल बुधवार को लोकसभा में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दे सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि गठबंधन ने पहले ही इस नोटिस का मसौदा तैयार कर लिया है और इसके लिए जरूरी 50 सांसदों का हस्ताक्षर लेने की प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि विपक्षी गठबंधन में शामिल दलों के दोनों सदनों के नेता बुधवार सुबह बैठक करके आगे की रणनीति भी तय करेंगे। अविश्वास प्रस्ताव से जुड़े नोटिस को बुधवार को सुबह 10 बजे से पहले सौंपना होगा। कांग्रेस ने अपने लोकसभा सदस्यों को व्हिप जारी करके कहा है कि वे बुधवार सुबह 10.30 बजे संसद भवन स्थित संसदीय दल के कार्यालय में मौजूद रहें। सूत्रों ने बताया कि मणिपुर के मुद्दे को लेकर पीएम मोदी पर संसद में बयान देने का दबाव बनाने के कई विकल्पों पर विचार करने के बाद यह फैसला किया गया कि सरकार को चर्चा के लिए विवश करने का अविश्वास प्रस्ताव ही सबसे कारगर रास्ता होगा।

## सरकार को डर नहीं, जनता का खौफ खाए विपक्ष: शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों में पिछले कुछ दिनों से जारी गतिरोध के बीच मंगलवार को विपक्षी दलों का एक बार फिर से आह्वान किया कि वे मणिपुर जैसे संवेदनशील विषय' पर चर्चा करें क्योंकि देश के लोग उन्हें देख रहे हैं और वे जनता का खौफ करें।शाह ने राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को पत्र लिखकर यह भी कहा कि वे मणिपुर के मुद्दे पर चर्चा में अमूल्य सहयोग दें। गृह मंत्री ने निचले सदन में बहु राज्य सहकारी समितियां संशोधन विधेयक 2022 पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए मणिपुर के विषय का उल्लेख किया और कहा कि उन्होंने लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष के दोनों नेताओं को पत्र लिखा है।

## कुल्लू में बादल फटा



*शिमला। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले की गड़सा घाटी में मंगलवार सुबह बादल फटने से क्षेत्र के कुछ मकानों एवं कृषि भूमि को नुकसान पहुंचा। भारी बारिश से बही सड़क को देखते लोग।*

### करगिल विजय दिवस आज: जनरल मलिक ने बताए जंग के सबक

# दुश्मन पर भरोसा न करें चाहे पाकिस्तान हो या चीन

**एजेंसी** | द्रास (लद्दाख)

'हमेशा चौकन्ने रहें और कभी भी अपने दुश्मन पर भरोसा न करें। चाहे वह पाकिस्तान हो या चीन।' थल सेना के पूर्व अध्यक्ष जनरल वेद प्रकाश मलिक ने यह संदेश बर्फीले पहाड़ों पर तैनात सशस्त्र बलों को दिया है। जनरल मलिक 1999 में करगिल में हुई जंग के दौरान सेना प्रमुख थे। उन्होंने विश्वास जताया कि अगर आज युद्ध की स्थिति बनती है तो भारत करगिल के दौरान की तुलना में बेहतर तरीके से तैयार है। उन्होंने कहा कि करगिल युद्ध से उनकी सबसे बड़ी सीख यह है कि दोस्ती का 'राजनीतिक दिखावा' करने के बावजूद दुश्मन पर भरोसा नहीं




किया जा सकता। जनरल मलिक के अनुसार यह 'दूध का जला छाछ भी फूंक फूंक कर पीता है' वाली स्थिति है। करगिल विजय दिवस की 24वीं वर्षगांठ के अवसर पर मंगलवार को लामोचेन (द्रास) में सेना की ओर से एक 'ब्रीफिंग' का आयोजन किया गया था। जनरल मलिक ने यहां कार्यक्रम के इतर पीटीआई-भाषा से कहा, कभी भी अपने दुश्मन पर भरोसा न करें, भले ही समझौतों पर हस्ताक्षर जैसा दोस्ती का राजनीतिक दिखावा ही क्यों न किया जा रहा हो।

### पूर्व सैनिकों एवं 'वीर नारियों' से संवाद

सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने में पूर्व सैनिकों, 'वीर नारियों', वीरता पुरस्कार विजेताओं और स्थानीय लोगों से मंगलवार को संवाद किया। सेना ने मंगलवार को ट्वीट किया, करगिल विजय दिवस 2023 की पूर्व संध्या पर सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, वीरत पुरस्कार विजेताओं और द्रास-करगिल की अवाम से संवाद किया।



### संघर्ष विराम से फर्क नहीं पड़ता, कई बार टूटा

पूर्व सेना प्रमुख ने कहा, संघर्षविराम हो या न हो, मैंने कई बार संघर्षविराम टूटते देखा है। इसलिए, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, हमें एलएसी (वास्तविक नियंत्रण रेखा) या एलओसी (नियंत्रण रेखा) पर सतर्क रहना होगा। करगिल युद्ध इस बात का सबूत है कि भारतीय सेना के पास दुश्मन को खदेड़ने की क्षमता है, भले ही उनका हमला अचानक हुआ हो। उन्होंने कहा, " सशस्त्र बल बदल गए हैं। हमारे पास बेहतर उपकरण, निगरानी तंत्र है। हम कोई भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं।

### चंद्रयान-3: एक और कामयाबी

## एक अगस्त को चंद्रमा की कक्षा में होगा प्रवेश

**एजेंसी** | बेंगलुरु

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के वैज्ञानिकों ने 'चंद्रयान-3' को चंद्रमा की कक्षा में ऊपर उठाने की पांचवें चरण की प्रक्रिया मंगलवार को सफलतापूर्वक पूरी कर ली। इस प्रक्रिया से यान पृथ्वी की कक्षा से बाहर निकलेगा और एक अगस्त को निर्धारित कार्यक्रम के तहत चंद्रमा की तरफ बढ़ेगा। इस तरह की प्रत्येक प्रक्रिया का मतलब है कि यान पृथ्वी की कक्षा से आगे निकल रहा है और चंद्रमा की कक्षा के करीब पहुंच रहा है। इसरो ने कहा कि यह कार्य बेंगलुरु में इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग एंड



कमांड नेटवर्क से किया गया। इसरो ने कहा, यान के 127609 किलोमीटर X 236 किलोमीटर की कक्षा में पहुंचने की उम्मीद है। चंद्रयान-3 ने 14 जुलाई को उड़ान भरी थी। चंद्रयान को कक्षा में ऊपर उठाने की अगली प्रक्रिया ट्रांसलूनार इंजेक्शन (टीएलआई) एक अगस्त 2023 को मध्य रात्रि 12 बजे से एक बजे के बीच की जाएगी।

## कलाकारों ने उजागर की सबसे पुरानी कला की बारीकियां

# ध्रुवपद में साकार हुई बादलों की गर्जना, वर्षा का माधुर्य



**बेधड़क | जयपुर**

वर्षा ऋतु की राग मेघ और मधुवंती में बादलों की गर्जना और वर्षा के माधुर्य को ध्रुवपद अंग के गमक मींड़ श्रुतियों के बेहतरीन वातावरण से प्रस्तुत किया तो प्राचीन ध्रुवपद कला साकार होती नजर आई। विशेषज्ञों ने युवा पीढ़ी को इस कला के टिप्स दिए और इसके महत्व को बताया तो वे भी रोमांचित हो उठे।

यह अनूठा नजारा था इंटरनेशनल ध्रुवपद धाम ट्रस्ट की ओर से राजस्थान चेम्बर ऑफ कॉमर्स, कला साहित्य संस्कृति और पुरातत्व विभाग के सहयोग से चैंबर भवन में ध्रुवपद परम्परा और कंटेम्परेरी क्रिएटिव ध्रुवपद प्रशिक्षण कार्यशाला का। इस दौरान ध्रुवपदाचार्य पं. लक्ष्मण भट्ट तैलंग के निर्देशन में युवाओं को भारत की शास्त्रीय संगीत की सबसे पुरातन शैली वेद वाणी कही जाने वाली ध्रुवपद गायकी का प्रशिक्षण ध्रुवपद गुरु प्रोफेसर डॉक्टर मधु भट्ट तैलंग व उनके शिष्य डॉक्टर श्याम सुंदर शर्मा दे रहे हैं।

गौरतलब है कि ध्रुवपद परम्परा और कंटेम्परेरी क्रिएटिव ध्रुवपद प्रशिक्षण कार्यशालामें ध्रुवपद की परंपरा के घरानेदार स्वरूप के साथ अनेक नवाचारों के सृजनात्मक पहलुओं का स्वर साहित्य व ताल के विविध रूपों में शिक्षण व अभ्यास कराया गया।




### स्वर-ताल को साधने के बताए तरीके

इससे पहले ध्रुवपदाचार्य पं. लक्ष्मण भट्ट तैलंग के निर्देशन में प्रशिक्षिका प्रो. मधु भट्ट ने ओंकार साधना व उनका ध्रुवपद की आलापचारी और गायकी में स्वर लगाव व विस्तार को राग तोड़ी, राग भूपाली, राग गुणकली आदि से समझाया था। वेदवाणी कही जाने वाली ध्रुवपद को संस्कृत देववाणी से बताया। साथ ही स्वर-ताल को साधने के अनेक प्रयोगात्मक तरीके बताए। पं. रवि शंकर भट्ट तैलंग ने बेला-वादन में रागों राग मधुवंती, राग मेघ व सुरीली व विद्वत्तापूर्ण अदाएगी में ध्रुवपद अंग की श्रुति कण व वर्षा ऋतु के अनुकूल गमक का उम्दा प्रदर्शन किया। ध्रुवपद अंग की तालों तीव्रा, आदि ताल व चैताल के साथ ताल रूपक, त्रिताल और एकताल के सुंदर समन्वय के साथ ध्रुवपद की आलापचारी, जोड़ अंग और झाला आदि के विद्वत्तापूर्ण वादन दिए।



### युवा समारोह के रूप में होगा समापन

इस दौरान वायलिन में ध्रुवपद अंग के वादन विशेषज्ञ विशेष आमंत्रित पंचतंत्री बेला वादक पंडित रवि शंकर भट्ट तैलंग ने वर्षा ऋतु की राग मेघ व मधुवंती में बादलों की गर्जना दर्शाई। उनके साथ पखावज पर छवि जोशी व तबले पर पं. महेंद्र शंकर डांगी ने संगत कर कार्यक्रम को परवान चढ़ाया। कार्यशाला में जयपुर की हस्तियां पद्मश्री शाकिर अली, उद्योगपति के एल जैन व साहित्यकार ललित शर्मा सहित अनेक कलाकार उपस्थित हुए। बुधवार को समापन युवा समारोह के रूप में होगा, जिसमें प्रशिक्षणार्थी प्रदर्शन करेंगे।

## सेंट्रल पार्क में पौधरोपण



**बेधड़क. जयपुर।** योग गुरु परम आलय महाराज के जन्म दिन पर सेंट्रल पार्क में पौधरोपण किया गया। इस दौरान अनार, जामुन, अमरूद, शहतूत, नीम के पौधे लगाए गए। इस मौके पर योग गुरु नरेन्द्र वैद, माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय माहेश्वरी 'अमरीश', भाजपा के जयपुर शहर व्यापार प्रकोष्ठ आदर्श नगर विधानसभा के संयोजक प्रमोद जैन भंवर मौजूद रहे।

## उत्साह से काम की सलाह



**बेधड़क. जयपुर।** द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी का 105वां स्थापना दिवस मनाया गया। शुभारंभ जयपुर क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक हरी चंद व व्यवसाय प्रचालन कार्यालय प्रभारी अशोक गोंड ने केक काट कर किया। उप प्रबंधक व वेलफेयर एसोसिएशन के ऑल इंडिया संगठन सचिव डॉ. देवेंद्र कुमार ने न्यू इंडिया एश्योरेंस के बारे में बताया। हरी चंद ने अधिकारियों-कर्मचारियों, अभिकर्ताओं, ब्रोकर्स, वाहन डीलर्स व ग्राहकों के योगदान को याद करते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को उत्साह से कार्य करने की सलाह दी।

## राष्ट्रीय शिविर के लिए चयन



**बेधड़क, जयपुर।** जिंक फुटबॉल अकादमी के 4 खिलाड़ी जम्मू-कश्मीर में होने वाले अंडर-16 बालक वर्ग राष्ट्रीय टीम की तैयारी के लिए शिविर का हिस्सा होंगे। ये खिलाड़ी पुनीत कुमार, मोहम्मद कैफ, हिमेश मीना और प्रेम हसंदक हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण मिश्रा ने कहा कि खिलाड़ियों पर गर्व है। राष्ट्रीय शिविर में उनको शामिल होते देखना खुशी का अवसर है, जो कि देश में फुटबॉल की उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। वहीं, अनन्य अग्रवाल ने युवा सितारों को बधाई दी।

# City इवेंट्स

## पौधों की देखभाल का दिलाया संकल्प



**बेधड़क, जयपुर।** महिला हाउसिंग सेवा ट्रस्ट की ओर से बस्तियों में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था पदाधिकारी रचना शर्मा ने बताया कि हर बस्ती के लिए बस्ती विकास योजना बनाई गई है। इसमें लोग अपनी समस्याओं को स्लम डवलपमेंट प्लान में रखकर कार्य करते हैं। इसी के तहत हेरिटेज नगर निगम के वार्ड 4 नाई की थड़ी स्थित बस्तियों में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए एमएचटी व बस्ती के लोगों ने अलग-अलग स्थानों पर 200 पौधे लगाए। पौधरोपण के बाद वार्ड पार्षद बरखा सैनी ने लोगों को पौधों की नियमित देखभाल की शपथ दिलाई।

## सुशील शर्मा और रमेश शर्मा नेपाल रवाना

**बेधड़क, जयपुर।** विश्व शांति परिषद के एशियाई देशों की नेपाल में होने वाली मीटिंग में हिस्सा लेने के लिए अखिल भारतीय शांति एवं एकजुटता संगठन राजस्थान के महासचिव एडवोकेट सुशील शर्मा और रमेश शर्मा काठमांडू के लिए रवाना हुए। काठमांडू में 26 से 28 जुलाई तक होने वाली बैठक में विश्व शांति परिषद के अध्यक्ष पल्लब सेन गुप्त, अखिल भारतीय शांति परिषद के महासचिव हरचरण बट्ट सहित भारत से 13 प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। बैठक में वैश्विक घटनाओं के एशियाई देशों पर असर, ग्लोबल वार्मिंग व क्षेत्र में शांति प्रयासों पर चर्चा की जाएगी।



## सावन झूला रथ पदयात्रा निकाली



**बेधड़क, जयपुर।** रींगस से खाटू श्याम जी तक श्री श्याम आशीष परिवार के तत्वावधान में सावन झूला रथ पदयात्रा का आयोजन किया गया। इसमें 300 से अधिक श्याम प्रेमी बंधुओं को बसों व अन्य साधन से जयपुर से ले जाया गया। कार्यक्रम संयोजक अनु अग्रवाल व राहुल डोवटीवाल ने बताया कि रथ में श्याम बाबा की झूले में मनमोहन झांकी सजाई गई व बाबा के नाना प्रकार के सुगंधित पुष्पों से बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार किया गया। यात्रा संचालन में सर्व दौलत अग्रवाल, बलवंत सिंह गहलोत, शंकर कोठारी, प्रकाश अग्रवाल, मनीष बजाज, योगेश जैन, गिर्राज सिंहल, श्याम सोडाणी, पवन मित्तल, निखिल अग्रवाल, खेमचंद अग्रवाल व राहुल अग्रवाल समेत कई लोगों ने भूमिका निभाई।

## महामंडल विधान पूजन: सौरभ सागर ने किया मार्गदर्शन

# ऐसा व्यवहार मत करो जो खुद के मन को स्वीकार नहीं हो



**बेधड़क | जयपुर**

'जो कृत्य स्वयं को स्वीकार न हो, वह कृत्य दूसरों के साथ नहीं करने चाहिए। मनुष्य अगर असमय में किसी प्राणी का घात करता है तो वह भी असमय में मृत्यु का पात्र होता है।' यह विचार आचार्य सौरभ सागर ने रखे। वे प्रताप नगर सेक्टर 8 दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे 5 दिवसीय श्रीमज्जा जिनेन्द्र महाअर्चना सिद्धचक्र महामंडल विधान पूजन के अंतिम दिन बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि 'मनुष्य को स्वयं कृत कर्म का फल अवश्य भोगना पड़ता है। कर्म किसी का सगा संबंधी नहीं है।' इस मौके पर जनप्रतिनिधि पुष्पेंद्र भारद्वाज, वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण चंद छाबड़ा, समाजसेवी महेश काला, सुनील बक्सी ने आशीर्वाद लिया।

मुख्य समन्वयक गजेंद्र बड़जात्या ने बताया कि महोत्सव के आखिरी दिन निगम ग्रेटर प्रतिपक्ष नेता राजीव चौधरी, वीर सेवक मंडल अध्यक्ष महेश काला, श्रीमहावीर शिक्षा परिषद मंत्री सुनील बख्शी, कैलाशचन्द, माणकचन्द, रमेश ठोलिया ने आचार्य को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया। अध्यक्ष कमलेश जैन, मंत्री महेंद्र जैन, कार्याध्यक्ष दुर्गालाल जैन, कोषाध्यक्ष धर्मचंद जैन, चेतन जैन, राजेंद्र सोगानी, नरेंद्र जैन, महेश सेठी, बाबूलाल जैन इटुंदा, सुनील साखुनियां ने अतिथियों का सम्मान किया।

## मानसरोवर में अधिमास में हनुमंत कथा

# तुलसी के पौधे को लेकर मंगल गान करते हुए निकलीं महिलाएं



**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर। मानसरोवर के शिप्रा पथ पर स्थित सामुदायिक भवन में पांच दिवसीय हनुमंत कथा का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर मुखर्जी पार्क शिव मंदिर से तुलसीजी की यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों महिलाएं एक ही गणवेश में शामिल हुई। महिलाएं तुलसी के पौधे को लेकर मंगल गान करते हुए नाचते गाते चल रही थी। रास्ते में जगह जगह यात्रा का समाजसेवी संस्थाओं और श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। कथा आयोजक पुष्पेंद्र भारद्वाज ने पत्नी कल्पना भारद्वाज के साथ व्यास पीठ पर पूजा अर्चना की।

कथावाचक आचार्य दिनेश कुमार शास्त्री ने भक्तों को हनुमंत कथा का रसास्वादन करवाया। हनुमंत कथा का आयोजन जनकल्याण के लिए भक्तों के सहयोग से किया जा रहा है। भारद्वाज ने बताया कि इस अवसर पर मानसरोवर ब्लॉक अध्यक्ष कविता सैनी, सांगानेर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष इंदु शर्मा, पार्षद हेमा सिंघानिया, भावना पटेल, पूजा शर्मा, भारती अरोड़ा, तरुणा भोजवानी, प्रियंका खंडेलवाल, सपना परनामी, रेणु गुप्ता, रेखा गौड़, नेता प्रतिपक्ष राजीव चौधरी, पार्षद शंकर बाजडोलिया, यशपाल भाटिया, करण सिंह, मोहन मिश्रा, जनेश्वर सिंह चौहान, अंकुश विजय आदि शामिल हुए।

**श्याम अनमोल झूलनोत्सव** | श्री श्याम अनमोल सेवा रत्न परिवार की ओर से भजन संध्या का आयोजन

# महिला-पुरुषों ने नाचते-गाते लगाई बाबा के हाजिरी



**बेधड़क | जयपुर**

श्री श्याम अनमोल सेवा रत्न परिवार की ओर से 200 फीट बाईपास, निर्माण नगर स्थित होटल प्राइम सफारी में श्याम अनमोल झूलनोत्सव भजन संध्या का आयोजन किया गया।

आयोजक प्रमोद गोयल और पवन गोयल ने बताया कि बाबा श्याम की झूले की आकर्षक झांकी सजाई गई। सुगंधित फूलों से बाबा श्याम का श्रृंगार किया गया। इस मौके पर बाबा श्याम की छप्पन भोग की झांकी सजाकर अखंड ज्योत प्रज्वलित कर गणेश वंदना के साथ भजन संध्या शुरू हुई। भजन गायक कलाकार राजेश अटोलिया, नीतू गुप्ता, मनीष शर्मा, बंटी सर्राफ और राहुल शर्मा ने बाबा श्याम की एक से बढ़कर एक रचनाएं सुनाकर भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया। भजन संध्या में रातभर इत्र और पुष्प वर्षा भक्तों के द्वारा की गई।

सभी श्याम सेवी संस्थाओं का मंडल पदाधिकारियों की ओर से बाबा खाटू श्याम का स्मृति चिन्ह, दुपट्टा और प्रसाद देकर सम्मान किया गया। प्रोग्राम में महिला मंडलों ने अपनी टोली बनाई और देर तक भजनों पर झूमते हुए शहर में शांति, सौहार्द और भक्ति का माहौल बनाया। श्याम अनमोल झूलनोत्सव भजन संध्या में महिलाएं सावनी रंग के लहरिया पहनकर कार्यक्रम में शामिल हुईं।

### युवाओं ने भी निभाई भागीदारी

प्रोग्राम में आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत ने शिरकत कर पूजा की। साथ ही युवाओं ने भी अपनी भागीदारी निभाई। आयोजन से जुड़े राघव ने बताया कि हर उम्र के लोगों ने प्रोग्राम में आमंत्रित किया गया था। इस दौरान सभी ने एक मंच पर आकर पहले बाबा की झांकी दर्शन करते हुए पूजा की और फिर भजनों में डांस करते नजर आए। इस मौके पर फूलों की बौछार करते हुए माहौल को खुशबूमय बनाया गया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, बुधवार, 26 जुलाई, 2023






“अहंकार की सबसे बड़ी खराबी यही है कि ये कभी आपको महसूस नहीं होने देता कि आप गलत हैं।”
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### आग बुझाने के प्रयास में जुटे 10 सैनिकों ने तोड़ा दम, वायुसेना की मदद ली

# अल्जीरिया: जंगल में आग, 25 मरे

**एजेंसी** | अल्जीयर्स



अल्जीरिया के जंगलों में लगी आग में 25 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में आग बुझाने की कोशिश कर रहे 10 सैनिक भी शामिल हैं, जो तेज हवाओं और प्रचंड गर्मी के बीच आग की लपटों को नियंत्रित करने में जुटे थे। आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि कम से कम 1,500 लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है।

आंतरिक मंत्रालय ने जंगल में आग लगने से 15 लोगों की मौत होने और 24 अन्य के घायल होने की पुष्टि की। बाद में रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की कि राजधानी अल्जीयर्स के बेनी कसीला पूर्व के रिजॉर्ट क्षेत्र में आग बुझाने के प्रयास में जुटे 10 सैनिकों की मौत हो गई और 25 लोग घायल हो गए। यह तुरंत स्पष्ट नहीं है कि लोगों की मौत कब हुई, लेकिन जंगलों में आग कई दिनों से लगी हुई है। आंतरिक मंत्रालय ने बताया कि तेज हवाओं से जंगल में आग भड़क उठी और इसकी लपटें वन क्षेत्र से आगे खेतों की ओर फैलने लगीं। मंत्रालय के मुताबिक, लपटें 16 क्षेत्रों में फैल गईं, जिससे उत्तर अफ्रीकी देश में आग लगने की 97 घटनाएं हुईं। अब तक की सबसे भीषण आग से अल्जीयर्स के पूर्व में स्थित कबीले क्षेत्र के बेजाईया और जीजेल तथा दक्षिण-पूर्व में स्थित बुइरा के कुछ हिस्से बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। आग बुझाने के लिए मौके पर 7,500 दमकलकर्मी और 350 ट्रक मौजूद हैं। साथ ही वायुसेना का भी सहयोग लिया जा रहा है। अल्जीरिया में जंगल में लगने की घटना कोई नई बात नहीं है। पिछले साल अगस्त में ट्यूनीशिया की सीमा से सटी अल्जीरिया की उत्तरी सीमा के पास जंगलों में लगी आग में 37 लोगों की मौत हो गई थी।

### ‘अमर्यादित’ भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप

# ईसीपी के सामने पेश हुए इमरान

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने अपनी अवमानना से संबंधित मामले में पहली बार पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के पेश होने के बाद उनके खिलाफ कार्यवाही मंगलवार को दो अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी।

पिछले साल ईसीपी और इसके मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ ‘अमर्यादित’ भाषा का इस्तेमाल करने के आरोप में ईसीपी ने इमरान खान और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के पूर्व नेताओं असद उमर और फवाद चौधरी के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू की थी। पिछले साल अक्टूबर में मामला शुरू होने के बाद से पहली बार खान ईसीपी के सामने पेश हुए। इससे पहले सोमवार को ईसीपी ने इस्लामाबाद पुलिस को निर्देश दिया था कि वह खान को गिरफ्तार करके मंगलवार को उसके समक्ष पेश करे।

ईसीपी के सामने पेश होने के बजाय तीनों नेताओं ने इस आधार पर ईसीपी के नोटिस और विभिन्न उच्च न्यायालयों में अवमानना कार्यवाही को चुनौती दी थी कि चुनाव अधिनियम 2017 की धारा 10 संविधान के खिलाफ है।



#### सुनवाई दो अगस्त तक के लिए स्थगित

‘डॉन’ अखबार की खबर के अनुसार, मंगलवार की सुनवाई के दौरान खान अपने वकील शोएब शाहीन के साथ ईसीपी की पीठ के समक्ष उपस्थित हुए। ईसीपी की पीठ के एक सदस्य ने कहा कि उनका इरादा इस मामले में पूर्व प्रधानमंत्री को दोषी ठहराने का था। हालांकि इमरान खान के वकील ने ईसीपी से सुनवाई टालने का अनुरोध करते हुए कहा कि उन्हें मामले का रिकॉर्ड इकट्ठा करने के लिए और समय चाहिए। ईसीपी ने वकील की याचिका स्वीकार कर ली और मामले की सुनवाई दो अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी। ईसीपी ने वकील को अगली सुनवाई के दौरान इमरान खान की उपस्थिति सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

#### गलती ही नहीं की तो माफी क्यों?

सुनवाई के बाद पत्रकारों ने खान से पूछा कि क्या वह आयोग से माफी मांगेंगे। इस पर खान ने कहा, “क्या आपको लगता है कि मुझे माफी मांगनी चाहिए? जब मैंने कोई गलती नहीं की तो मुझे माफी क्यों मांगनी चाहिए?”

### संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था IAEA ने कहा

# यूक्रेनी परमाणु संयंत्र के पास बिछाई बारूदी सुरंगें

**एजेंसी** | कीव

संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था आईएईए ने कहा है कि यूक्रेन में रूस के कब्जे वाले जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र में उसके कर्मचारियों ने संयंत्र के चारों ओर बारूदी सुरंग होने की सूचना दी है।

अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रोसी ने एक बयान में कहा कि संयंत्र के आसपास ऐसे विस्फोटकों का होना आईएईए के सुरक्षा मानकों और परमाणु सुरक्षा परामर्श के प्रतिकूल है तथा संयंत्र के कर्मचारियों पर अतिरिक्त मनोवैज्ञानिक दबाव बनाता है। बयान में कहा गया है कि परिसर के भीतरी और बाह्य हिस्से में बारूदी सुरंगों में विस्फोट से संयंत्र की परमाणु सुरक्षा और सुरक्षा प्रणालियां प्रभावित नहीं होनी चाहिए।

आईएईए ने संभावित परमाणु आपदा की आशंकाओं के बीच, इस संयंत्र के बारे में बार-बार चिंता व्यक्त की है, जो दुनिया के 10 सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में से एक है। संयंत्र का परिचालन यूक्रेन के कर्मचारियों द्वारा किया जाता है। यूक्रेन में रूस ने हमले के बाद इस संयंत्र पर कब्जा कर लिया था। संयंत्र के छह रिएक्टर महीनों से बंद हैं, लेकिन महत्वपूर्ण शीतलन प्रणाली और अन्य सुरक्षा सुविधाओं को संचालित करने के लिए इसे अभी भी बिजली और योग्य कर्मचारियों की आवश्यकता है। यूक्रेन ने दावा किया था कि रूस परमाणु ऊर्जा संयंत्र में बड़े पैमाने पर उकसावे की साजिश रच रहा है और उसने संयंत्र परिसर की छत पर संदिग्ध विस्फोटक रखे हैं। वहीं, रूस ने आरोप लगाया कि यूक्रेन रेडियोधर्मी सामग्रियों से जुड़े हमले की साजिश रच रहा। आईएईए के बयान में कहा गया है कि रूसी सैनिकों ने अभी भी उसे रिएक्टर की छतों और उनके टरबाइन हॉल तक पहुंच नहीं दी है।



#### यूक्रेन को 40 करोड़ डॉलर की सैन्य सहायता

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का प्रशासन यूक्रेन को 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक की अतिरिक्त सैन्य सहायता भेज रहा है। इस सैन्य सहायता में हवाई रक्षा प्रणाली के लिए अलग अलग तरह के बम, कुछ निगरानी होर्नेट ड्रोन शामिल हैं। सहायता में ‘हाई मोबिलिटी आर्टिलेरी रॉकेट सिस्टम’ (एचआईएमएआरएस) और ‘नेशनल एडवांस्ड सर्फेस-टू-एयर मिसाइल सिस्टम’ (एनएएसएएमएस) की मिसाइलें शामिल हैं। राष्ट्रपति के ‘ड्रॉडाउन’ (इसके तहत रक्षा विभाग के भंडारण से अन्य देशों को हथियारों की आपूर्ति करने की इजाजत है) अधिकार के तहत यूक्रेन को ये हथियार दिए जा रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि अमेरिका हॉवित्जर तोप के गोले, 32 स्ट्राइकर बख्तरबंद वाहन, मोर्टार, हाईड्रा-70 रॉकेट और छोटे हथियारों के 2.8 करोड़ कारतूस भी भेज रहा है। हॉर्नेट छोटे नैनो-ड्रोन हैं जिनका उपयोग बड़े पैमाने पर खुफिया जानकारी जुटाने के लिए किया जाता है। अन्य पश्चिमी सहयोगियों से यूक्रेन को पहले भी ये ड्रोन मिले थे। रूस द्वारा फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमला करने के बाद अमेरिका अब तक उसे कुल 41 अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा की सैन्य सहायता दे चुका है।

#### दोनों देशों ने किए दावे

रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि एक रूसी गश्ती जहाज ने मंगलवार तड़के काला सागर में उस पर हमला करने वाले दो यूक्रेनी समुद्री ड्रोन को नष्ट कर दिया। मंत्रालय ने कहा कि क्रीमिया के बंदरगाह सेवस्तोपोल से 370 किमी दक्षिण-पश्चिम में हुए हमले में रूसी काला सागर बेड़े के सर्गेई कोटोव गश्ती जहाज के चालक दल को कोई चोट नहीं आई। इस बीच, यूक्रेनी अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि उसकी हवाई रक्षा प्रणाली ने ईरान निर्मित शहीद ड्रोन को रोक दिया, जिसे रूस ने रात में कीव पर दागा था। इस महीने राजधानी कीव पर यह छठा ड्रोन हमला था। इसमें नुकसान की कोई सूचना नहीं है। वहीं, यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि रूसी सैनिकों ने सोमवार देर रात पूर्वी दोनेत्सक क्षेत्र में कोस्तियानतिन्विका पर हमले में क्लस्टर हथियारों का इस्तेमाल किया।

### पूर्वी सूडान में संघर्ष के 100 दिन हुए पूरे

# विमान हादसे में 4 सैनिक समेत 9 की मौत

**एजेंसी** | काहिरा

सूडान में एक असैन्य विमान के हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार चार सैन्यकर्मियों समेत नौ लोगों की मौत हो गई। सेना ने एक बयान में कहा कि पोर्ट सूडान में हुई दुर्घटना में एक बच्चा जीवित बचा है। पोर्ट सूडान लाल सागर पर एक शहर है जो सेना और विरोधी ताकतवर अर्द्धसैनिक बल ‘रैपिड सपोर्ट फोर्सेस’ (आरएसएफ) के बीच विनाशकारी युद्ध से अब तक बचा रहा था। सेना ने बताया कि शहर के हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद ‘एंटोनोव’ विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सेना ने इस दुर्घटना के लिए विमान में तकनीकी खराबी को जिम्मेदार ठहराया। उसने हादसे के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी।

वित्त मंत्री गेब्रील इब्राहिम के अनुसार, मरने वालों में उनके सचिव अल-तहर अब्देल-रहमान भी शामिल थे। अप्रैल के मध्य से सूडान अराजकता में डूब गया है, जब सेना और आरएसएफ के बीच महीनों तक चला तनाव राजधानी खार्तूम और देश भर में अन्य जगहों पर खुले संघर्ष में तब्दील हो गया। सूडान में नॉर्वेजियन शरणार्थी परिषद के निदेशक विलियम कार्टर ने कहा कि सूडान में युद्ध के 100 दिन हो गए हैं, जिसमें अब तक कई लोगों की जान गई है और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है।




### तालिबान ने संयुक्त राष्ट्र की परवाह नहीं की

# अफगानिस्तान में ब्यूटी पार्लर पर बैन

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

तालिबान ने मंगलवार को ऐलान किया कि अफगानिस्तान में सभी ब्यूटी पार्लर अब बंद हो जाने चाहिए क्योंकि एक महीने की समय सीमा समाप्त हो गई है।

तालिबान के ‘वर्च्यू एंड वाइस मिनिस्ट्री’ मंत्रालय के प्रवक्ता सादिक आकिफ मेहजर ने यह नहीं बताया कि क्या आदेश का अनुपालन नहीं करने वाले ब्यूटी पार्लर के खिलाफ बल प्रयोग किया जाएगा। अफगानिस्तान की महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों व स्वतंत्रता पर पाबंदी लगाने की कड़ी में यह एक नया कदम है। इससे पहले उनकी शिक्षा, सार्वजनिक स्थानों पर जाने और अधिकतर रोजगारों पर पाबंदी लगाई जा चुकी है। तालिबान ने कहा कि उसने ब्यूटी पार्लर पर पाबंदी लगाने का फैसला इसलिए लिया क्योंकि वे ऐसी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, जो इस्लाम में हराम हैं। साथ ही इससे शादी के दौरान लड़के के परिवारों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



#### अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा नकारात्मक प्रभाव

तालिबान के प्रतिबंध को लेकर अंतरराष्ट्रीय समूहों ने भी चिंता व्यक्ति की है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि वह प्रतिबंध वापस लेने के लिए अफगानिस्तान के अधिकारियों से बात कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र के सहायक मिशन (यूएनएएमए) के प्रयासों का समर्थन किया है, जिसने तालिबान के अधिकारियों से ब्यूटी पार्लर पर प्रतिबंध नहीं लगाने का अनुरोध किया है। यूएनएएमए ने कहा है कि महिलाओं के अधिकारों पर यह प्रतिबंध लगाने से अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

#### फैसले का पहले भी किया था विरोध

इससे पहले तालिबान ने ब्यूटी पार्लर बंद करने के लिए एक महीने का समय दिया था। इस फैसले का छिटपुट विरोध हुआ, जिनमें काबुल में ब्यूटीशियन और मेकअप कलाकारों का जुटना शामिल है। सुरक्षा बलों ने इस प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए बल प्रयोग किया था और हवा में गोलियां चलाईं थीं।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl